**अहमदाबाद।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप को अहमदाबाद शहर में अपराध रोकने और अवैध हथियारों की तस्करी पर लगाम लगाने में बड़ी कामयाबी मिली है। एक गुप्त सूचना के आधार पर, अहमदाबाद के नारोल इलाके में स्ह्लत्र की टीम ने छापेमारी की और एक युवक को भारी मात्रा में खतरनाक हथियारों के साथ रंगे हाथों पकड़ा। गिरफ्तार आरोपी के पास से विदेशी पिस्तौल और देसी पिस्तौल मिलने से पुलिस भी हैरान है। मिली जानकारी के अनुसार, अहमदाबाद स्ह्लत्र टीम को खास सूचना मिली थी कि नारोल इलाके में एक व्यक्ति अवैध हथियारों के साथ घूम रहा है और किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। इस जानकारी के आधार पर, SOG टीम ने नारोल में फिल्मी अंदाज़ में जाल बिछाया और संदिग्ध हालत में घूम रहे सिद्दीक उर्फ कन्या मंसूरी नाम के युवक को घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया। जब पुलिस ने आरोपी सिद्दीक उर्फ कन्या मंसूरी से सख्ती से पूछताछ की और उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद हुए। पुलिस ने उससे निम्नलिखित खतरनाक हथियार ज़ब्त किए हैं लोडेड बंदूकें और कारतूस लेकर घूम रहे इस बेखौफ व्यक्ति को गिरफ्तार करके, पुलिस ने शहर में होने वाली किसी बड़ी आपराधिक घटना को होने से पहले ही रोक दिया है। उसे आधिकारिक तौर पर गिरफ्तार कर लिया है।

## आज का राशिफ़ल

12 जुलाई 2026, ररिवार

आपका दिन शुभ और मंगलमय हो

**मेष** (21 मार्च - 19 अप्रैल)
आज आत्मविश्वास बढ़ेगा। रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है। नौकरी और व्यापार में लाभ मिलेगा। परिवार का सहयोग रहेगा।

**वृषभ** (20 अप्रैल - 20 मई)
आर्थिक मामलों में सतर्क रहें। अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं। धैर्य से काम लें, जल्दबाजी से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** (21 मई - 20 जून)
करियर में नई संभावनाएं बनेंगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल रहेगा। शुभ समाचार मिल सकता हैं।

**कर्क** (21 यून - 22 जुलाई)
कार्यक्षेत्र में मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। पारिवारिक माहौल सुखद रहेगा। यात्रा के योग बन सकते हैं। मानसिक शांति बनी रहेगी।

**सिंह** (23 जुलाई - 22 अगस्त)
भाग्य का साथ मिलेगा। रुके हुए कार्य पूरे होंगे। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत हैं।

**कन्या** (23 अगस्त - 22 सितंबर)
किसी भी निर्णय में जल्दबाजी न करें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। स्वास्थ्य और खानपान पर विशेष ध्यान दें। विवादों से दूर रहें।

**तुला** (23 सितंबर - 22 अक्टूबर)
दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी। व्यापार में लाभ के अवसर मिलेंगे। नई योजनाओं पर काम शुरु कर सकते हैं। सामाजिक सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक** (23 अक्टूबर - 21 नवंबर)
विरोधियों पर विजय मिलेगी। नौकरी में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। आर्थिक लाभ के योग हैं। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।

**धनु** (22 नवंबर - 21 दिसंबर)
विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों के लिए दिन शुभ रहेगा। प्रेम संबंध मजबूत होंगे। निवेश सोच-समझकर करें।

**मकर** (22 दिसंबर - 19 जनवरी)
घर-परिवार से जुड़ी जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। संपत्ति संबंधी मामलों में सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** (20 जनवरी - 18 फरवरी)
आत्मविश्वास और ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। छोटे सफर के योग बन सकते हैं। भार्ई-बहनों का सहयोग मिलेगा। नई योजनाओं में सफलता मिलेगी।

**मीन** (19 फरवरी - 20 मार्च)
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। भगवान विष्णु की आराधना करना शुभ रहेगा।

भगवान की कृपा आप और आपके परिवार पर बनी रहे।

# स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन से होगी हरित रेल क्रांति का आगाज




**पवन माकन**
ग्रुप एडिटर, महानगर मेट्रो

> हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना के परीक्षण हरियाणा के जींद- सोनीपत रेलखंड से आरम्भ हुए थे। अब दिल्ली-जींद रेलखंड तक परीक्षण का सफल विस्तार इस तकनीक की परिपक्वता और भारतीय रेल की तैयारी का प्रमाण माना जा रहा है।परीक्षण के दौरान इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस,ट्रैक्शन प्रणाली,ऑसिलेशन, सुरक्षा मानकों तथा परिचालन स्थिरता की विस्तृत जाँच की गई।

*हरियाणा के जींद-दिल्ली रेलखंड से स्वच्छ ऊर्जा, आत्मनिर्भर तकनीक और विकसित भारत की तेज रफ्तार दोड़ने को है तैयार...*

भारतीय रेल केवल देश का सबसे बड़ा सार्वजनिक परिवहन तंत्र नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक प्रगति की जीवनरेखा भी है।लगभग डेढ़ शताब्दी पहले भाप के इंजनों से शुरू हुई इसकी यात्रा आज अत्याधुनिक तकनीकों के नए युग में प्रवेश कर चुकी है।वंदे भारत, अमृत भारत,समर्पित माल गलियारे,'कवच' जैसी स्वदेशी सुरक्षा प्रणाली और व्यापक विद्युतीकरण के बाद अब भारतीय रेल हाइड्रोजन फ्यूल-सेल तकनीक के साथ एक और ऐतिहासिक उपलब्धि की दहलीज पर खड़ी है। विगत दिनों दिल्ली-जींद रेलखंड पर स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन का सफल परीक्षण इस बात का संकेत है कि भारत हरित,आत्मनिर्भर और भविष्य उन्मुख रेल व्यवस्था की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है।विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार भारतीय रेल की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ अगले सप्ताह प्रस्तावित है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरियाणा से इसे हरी झंडी दिखाकर राष्ट्र को समर्पित कर सकते हैं।यद्यपि कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा अभी शेष है, लेकिन सफल परीक्षण ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय रेल हरित ऊर्जा आधारित परिवहन के नए युग में प्रवेश करने के लिए तैयार है।यह केवल एक नई ट्रेन का शुभारंभ नहीं होगा,बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत की विकास यात्रा में एक नए अध्याय का उद्घोष भी होगा।आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और कार्बन उत्सर्जन की चुनौती से जूझ रही है।परिवहन क्षेत्र को प्रदूषण के प्रमुख स्त्रोतों में माना जाता है।ऐसे समय में स्वच्छ ऊर्जा आधारित सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था केवल पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं,बल्कि आर्थिक और रणनीतिक आवश्यकता भी बन चुकी है।भारत ने वर्ष 2070 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है।इस लक्ष्य की प्राप्ति में भारतीय रेल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।यही कारण है कि रेलवे अब पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता कम करते हुए वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों की ओर तेजी से बढ़ रही है।भारतीय रेल का नेटवर्क लगभग 68,500 रूट किलोमीटर में फैला हुआ है।प्रतिदिन लगभग 2.3 करोड़ यात्री तथा 30 लाख टन से अधिक माल का परिवहन इसी नेटवर्क के माध्यम से होता है। पिछले कुछ वर्षों में रेलवे ने अपने अधिकांश ब्रॉडगेज नेटवर्क का विद्युतीकरण कर लिया है,फिर भी अनेक ऐसे रेलखंड हैं ,जहाँ ओवरहेड विद्युत लाइन बिछाना आर्थिक अथवा भौगोलिक दृष्टि से व्यवहारिक नहीं है।ऐसे क्षेत्रों में हाइड्रोजन आधारित ट्रेनें डीजल इंजनों का स्वच्छ,टिकाऊ और प्रभावी विकल्प बन सकती हैं।

हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना के परीक्षण हरियाणा के जींद-सोनीपत रेलखंड से आरम्भ हुए थे। अब दिल्ली-जींद रेलखंड तक परीक्षण का सफल विस्तार इस तकनीक की परिपक्वता और भारतीय रेल की तैयारी का प्रमाण माना जा रहा है।परीक्षण के दौरान इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस,ट्रैक्शन प्रणाली,ऑसिलेशन,सुरक्षा मानकों तथा परिचालन स्थिरता की विस्तृत जाँच की गई।किसी भी नई रेल तकनीक को नियमित संचालन में शामिल करने से पहले ऐसे परीक्षण




अनिवार्य होते हैं ताकि यात्रियों की सुरक्षा और परिचालन की विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके।इन परीक्षणों की सफलता भारतीय इंजीनियरों और वैज्ञानिकों की तकनीकी दक्षता का भी परिचायक है।भारत की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन का निर्माण चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्टरी में किया गया है, जबकि हरियाणा के जींद में हाइड्रोजन उत्पादन तथा री-फ्यूलिंग की आधारभूत संरचना विकसित की गई है।यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि भारत अब केवल उन्नत तकनीकों का उपभोक्ता नहीं, बल्कि उनका स्वदेशी निमार्ता बनने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' की अवधारणा इस परियोजना में प्रत्यक्ष रूप से दिखाई देती है।हाइड्रोजन ट्रेन की सबसे बड़ी विशेषता इसका पर्यावरण-अनुकूल होना है।इसमें पारंपरिक डीजल इंजन नहीं होता। फ्यूल-सेल में हाइड्रोजन और वातावरण की ऑक्सीजन के बीच होने वाली रासायनिक अभिक्रिया से विद्युत ऊर्जा उत्पन्न होती है, जिससे ट्रैक्शन मोटर संचालित होती है।इस प्रक्रिया में कार्बन डाइऑक्साइड,धुआँ अथवा अन्य प्रदूषक गैसों का उत्सर्जन नहीं होता। उप-उत्पाद के रूप में केवल जलवाष्प निकलती है।यही कारण है कि हाइड्रोजन ट्रेन को भविष्य के सबसे स्वच्छ सार्वजनिक परिवहन साधनों में शामिल किया जा रहा है।

यदि हाइड्रोजन का उत्पादन सौर, पवन अथवा अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से किया जाए तो उसे 'ग्रीन हाइड्रोजन' कहा जाता है। भारत सरकार का राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन इसी सोच का परिणाम है।भारतीय रेल में हाइड्रोजन तकनीक का प्रयोग इस मिशन को व्यवहारिक आधार प्रदान करता है और देश को स्वच्छ ऊर्जा आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाने का मजबूत माध्यम बन सकता है।विश्व स्तर पर अभी बहुत कम देशों ने हाइड्रोजन आधारित रेल तकनीक को व्यावहारिक रूप से अपनाया है।जर्मनी ने इस क्षेत्र में अग्रणी पहल की,जबकि जापान, चीन, फ्रांस और इटली सहित कुछ अन्य देश भी इस तकनीक के विकास एवं परीक्षण पर कार्य कर रहे हैं।ऐसे देशों की श्रेणी में भारत का शामिल होना केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं,बल्कि वैश्विक हरित प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उसकी बढ़ती क्षमता का भी प्रमाण है।यदि यह परियोजना सफलतापूर्वक व्यावसायिक संचालन तक पहुँचती है,तो भारत एशिया में हाइड्रोजन रेल तकनीक का अग्रणी देश बनने की दिशा में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर सकता है।आर्थिक दृष्टि से भी यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है।भारत प्रतिवर्ष कच्चे तेल एवं पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर भारी विदेशी मुद्रा व्यय करता है। डीजल आधारित रेल संचालन में कमी आने से ऊर्जा सुरक्षा सुदृढ़ होगी और आयात बिल पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।इसके साथ ही इलेक्ट्रोलाइजर,फ्यूल- सेल,उच्च-दाब हाइड्रोजन टैंक, विशेष वाल्व,पाइपलाइन तथा अन्य अत्याधुनिक उपकरणों के स्वदेशी निर्माण को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे उच्च तकनीकी विनिर्माण क्षेत्र का विस्तार होगा और प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

हालाँकि इस उपलब्धि का मूल्यांकन केवल उत्साह के आधार पर नहीं, बल्कि यथार्थ की कसौटी पर भी किया जाना चाहिए।वर्तमान में ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन अपेक्षाकृत महँगा है।इसके सुरक्षित उत्पादन, संपीड़न, भंडारण और परिवहन के लिए अत्याधुनिक अवसंरचना की आवश्यकता होती है।फ्यूल-सेल प्रणाली की लागत भी अभी पारंपरिक डीजल तकनीक की तुलना में अधिक है।प्रशिक्षित तकनीकी मानव संसाधन, विशेष रखरखाव प्रणाली और देशभर में री-फ्यूलिंग स्टेशनों का सुदृढ़ नेटवर्क विकसित करना भी इस परियोजना की सफलता के लिए अनिवार्य होगा।यहाँएक महत्वपूर्ण प्रश्न यह भी है कि हाइड्रोजन वास्तव में कितनी 'हरित' होगी।यदि उसका उत्पादन कोयला अथवा प्राकृतिक गैस आधारित प्रक्रियाओं से किया जाएगा, तो पर्यावरणीय लाभ सीमित रह जाएंगे।वास्तविक सफलता तभी मानी जाएगी,जब ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन सौर, पवन,जल अथवा अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से बड़े पैमाने पर और प्रतिस्पर्धी लागत पर होने लगे।इसलिए हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना की सफलता राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की प्रगति से भी सीधे जुड़ी हुई है।इतिहास बताता है कि प्रत्येक नई तकनीक प्रारम्भ में महँगी और सीमित होती है।सौर ऊर्जा,एलईडी प्रकाश व्यवस्था,मोबाइल संचार और इलेक्ट्रिक वाहन भी कभी अत्यधिक महँगे माने जाते थे,किंतु अनुसंधान,नवाचार और बड़े पैमाने पर उत्पादन के कारण उनकी लागत में उल्लेखनीय कमी आई। यही संभावना हाइड्रोजन तकनीक के साथ भी दिखाई देती है।यदि भारत अनुसंधान,स्वदेशी विनिर्माण और अवसंरचना विकास में निरंतर निवेश करता रहा,तो आने वाले वर्षों में इसकी लागत भी व्यवहारिक स्तर तक लाई जा सकेगी।

भारतीय रेल का लक्ष्य केवल नई ट्रेन चलाना नहीं,बल्कि भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सुरक्षित, स्वच्छ, ऊर्जा-कुशल और टिकाऊ परिवहन व्यवस्था विकसित करना है।वंदे भारत,अमृत भारत, 'कवच',समर्पित माल गलियारे, स्टेशन पुनर्विकास और व्यापक विद्युतीकरण जैसे परिवर्तन उसी दीर्घकालिक दृष्टि का हिस्सा हैं। हाइड्रोजन ट्रेन इस परिवर्तन की अगली महत्वपूर्ण कड़ी है,जो यह दशार्ती है कि भारतीय रेल आने वाले दशकों की चुनौतियों को ध्यान में रखकर अपनी विकास रणनीति तैयार कर रही है।दिल्ली-जींद रेलखंड पर सफल परीक्षण केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि उस आत्मविश्वास का भी प्रतीक है जिसके बल पर भारत अंतरिक्ष,डिजिटल भुगतान,वैक्सीन निर्माण,रक्षा उत्पादन, सेमीकंडक्टर,कृत्रिम बुद्धिमत्ता और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में वैश्विक पहचान बना रहा है।हाइड्रोजन रेल तकनीक उसी परिवर्तनकारी यात्रा की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।यह भारत की वैज्ञानिक क्षमता, इंजीनियरिंग कौशल और स्वदेशी अनुसंधान की बढ़ती शक्ति को भी रेखांकित करती है।देश की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन की शुभारम्भ भारतीय रेल के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण होगा।यह संदेश केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए होगा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ आगे बढ़ सकते हैं तथा भारत भविष्य की स्वच्छ प्रौद्योगिकियों में नेतृत्व करने की क्षमता रखता है।नियमित व्यावसायिक संचालन से पहले अभी कुछ तकनीकी परीक्षण, सुरक्षा स्वीकृतियाँ और परिचालन संबंधी औपचारिकताएँ पूरी होनी शेष हैं।इसलिए उत्साह के साथ धैर्य और वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी आवश्यक है।किंतु यह भी उतना ही सत्य है कि दिल्ली-जींद रेलखंड पर हुए सफल परीक्षण ने यह विश्वास मजबूत कर दिया है कि भारत हरित रेल क्रांति की दिशा में निर्णायक कदम उठा चुका है।

हाइड्रोजन ट्रेन केवल पटरियों पर दौड़ने वाली एक नई रेल नहीं होगी, बल्कि विकसित भारत की उस नई सोच का सशक्त प्रतीक बनेगी जिसमें विकास और पर्यावरण परस्पर विरोधी नहीं,बल्कि एक- दूसरे के पूरक हैं।यदि अगले सप्ताह इसका प्रस्तावित शुभारंभ होता है, तो भारतीय रेल एक ऐसे नए युग में प्रवेश करेगी जहाँ स्वदेशी तकनीक, हरित ऊर्जा और आत्मनिर्भरता विकास की नई गति निर्धारित करेंगे। विज्ञान,नवाचार और सतत विकास के समन्वय से भारतीय रेल विश्व के सबसे आधुनिक,सबसे हरित और सबसे विश्वसनीय रेल नेटवर्कों में अग्रणी बनने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ा चुकी है।यही इस ऐतिहासिक ट्रायल का सबसे बड़ा संदेश,सबसे बड़ी उपलब्धि और विकसित भारत के उज्ज्वल भविष्य का सबसे सशक्त व शुभ संकेत है।

## संपादकीय

### दवा न बने दारू

सार्वजनिक विमर्श में लंबे समय से मांग की जाती रही है कि ज्यादा अल्कोहल की मात्रा वाली दवाओं का सख्ती से नियमन किया जाए। दरअसल, नशे की लत छुड़ाने के प्रयासों के दौरान इन दवाओं का दुरुपयोग किया जाता रहा है। साथ ही जिन राज्यों में नशाबंदी लागू है, वहां भी उनके गलत इस्तेमाल की शिकायतें मिलती रही हैं। ऐसे में केंद्र सरकार का ज्यादा अल्कोहल की मात्रा वाली पीने वाली दवाइयों व सिरप की बिक्री पर सख्ती करने का फैसला, एक जरूरी सुधार है। निश्चय ही इस कदम से लंबे समय से इन दवाइयों के गलत इस्तेमाल की प्रवृत्ति पर रोक लग सकेगी। दरअसल, 12 प्रतिशत से ज्यादा एथिल अल्कोहल मात्रा के साथ बड़ी बोतल में मिलने वाली दवाइयों के लिये अब लाइसेंस, डॉक्टर की पर्ची और रिकॉर्ड रखने के नियम कड़े करके सरकार ने जरूरी पहल की है। आखिरकार सरकार ने उस सच्चाई को स्वीकार कर लिया है, जिसे रेगुलेटर लंबे समय से नजरअंदाज कर रहे थे। यह हकीकत है कि इन दवाओं का नियमन व निगरानी कायदे की न होने से ये दवाएं नशा करने का जरिया भी बन रही थीं। निश्चित रूप से ये नये नियम मरीजों की दवा तक पहुंच और जन-सुरक्षा के बीच समझदारी भरा संतुलन बनाते हैं। इसका मतलब ये है कि जिन्हें वास्तव में इन दवाइयों की जरूरत है, उन्हें ये दवाइयां डॉक्टर की देखरेख में सहज उपलब्ध हो सकेंगी। वहीं दूसरी ओर इन दवाइयों का दुरुपयोग गलत कार्य के लिये करने वालों की इन तक पहुंच मुश्किल हो जाएगी। निश्चय ही यह वक्त की जरूरत थी क्योंकि किशोर और नशे की लत से जूझ रहे लोग अक्सर ऐसी दवाइयों को शराब के सस्ते विकल्प के तौर पर इस्तेमाल करने लगते हैं। जनमानस में उपचार के लिये आम बोलचाल में प्रचलित शब्द 'दवा-दारू', वास्तव में ऐसे नशेड़ियों के लिये नशे का मौका उपलब्ध कराने का जरिया बन जाता था। इस पर अंकुश लगाना निश्चिय ही स्वागत योग्य कदम है।

## चिंतन-मनन

### अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है ज्ञान

बुद्धि अच्छी चीज है, पर कोरी बौद्धिकता ही सब कुछ नहीं है। इससे व्यक्ति के जीवन में नीरसता और शुष्कता आती है। ज्ञान अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है, इसलिए यह अपने साथ सरसता लाता है। ज्ञानी व्यक्तियों के लिए पुस्तकीय अध्ययन की विशेष अपेक्षा नहीं रहती। भगवान महावीर ने कब पढ़ी थीं पुस्तकेंट आचार्य भिक्षु, संत तुलसी, संत कबीर अदि जितने ज्ञानवान पुरुष हुए हैं, उनमें कोई भी पंडित नहीं थे। अंतर्दर्शन उनकी ज्ञानमयी चेतना की स्फुरणा करता था। इसके आधार पर ही उन्होंने गंभीर तत्वों का विश्लेषण किया। वे यदि पुस्तकों के आधार पर प्रतिबोध देते तो संसार को कोई नया दृष्टिकोण नहीं दे सकते थे। एक बात और ज्ञातव्य है। विद्वान बहुत पढ़े-लिखे होते हैं, पर वे आज तक भी किसी ज्ञानी को पराजित नहीं कर सके। इंद्रभूति महापंडित थे। उनका पांडित्य विश्रुत था। पर वे भगवान महावीर की ज्ञान चेतना का अनुभव करते ही पराभूत हो गए। इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है। ज्ञान और बुद्धि की परस्पर कोई तुलना नहीं है। बुद्धि कुंड का पानी है और ज्ञान कुएं का पानी है। कुंड का पानी जितना है उतना ही रहता है। वर्षा होती है तो पानी थोड़ा बढ़ जाता है। इसी प्रकार अनुकूल सामग्री और पुरुषार्थ का योग होता है तो बुद्धि बढ़ जाती है। अन्यथा उसके विकास की कोई संभावना नहीं रहती। कुएं से जितना पानी निकाला जाता है, नीचे से और आता रहता है। वह कभी चुकता नहीं है, उसमें नए अनुभव जुड़ते जाते हैं। बुद्धि आवश्यक है किंतु उसके आधार पर कभी आत्म-दर्शन नहीं हो पाता। आत्म-दर्शन का पथ है ज्ञान। ज्ञान तब तक उपलब्ध नहीं होता जब तक ध्यान का अभ्यास न हो। जिस व्यक्ति को अंतर्दृष्टि का उद्घाटन करना है, ज्ञानी बनना है, उसे प्रेक्षाध्यान साधना का आलंबन स्वीकार करना होगा। ऐसा करके वह ज्ञान की श्रेष्ठता को प्रमाणित कर सकता है।

# मौसम का पारंपरिक चक्र तेजी से बदल रहा है



**किशन सनमुखदास**

वैश्विक स्तरपर 21वीं सदी में किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति केवल उसकी सैन्य क्षमता,आर्थिक विकास दर अथवातकनीकी उपलब्धियों से नहीं आँकी जाएगी,बल्कि इस बात से भी निर्धारित होगी कि वह जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौती के सामने अपने नागरिकों,संसाधनों और विकास की निरंतरता को कितनी प्रभावी ढंग से सुरक्षित रख पाता है।प्राकृतिक आपदाएँ अब अपवाद नहीं रहीं; वे जलवायु परिवर्तन के कारण एक नई वैश्विक वास्तविकता बनती जा रही हैं। इसलिए भारत के लिए यह समय केवल परिस्थितियों का सामना करने का नहीं, बल्कि भविष्य को ध्यान में रखकर ऐसी राष्ट्रीय रणनीति विकसित करने का है, जो आने वाली पीढ़ियों को अधिक सुरक्षित,सक्षम और पर्यावरण- अनुकूल भारत प्रदान कर सके।इसलिए मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी,गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि यह समय की माँग है कि जलवायु परिवर्तन को केवल राज्य व केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय का विषय न मानकर राष्ट्रीय नीति और विकास रणनीति के केंद्र में रखा जाए।सरकार को चाहिए कि आपदा प्रबंधन को केवल राहत और पुनर्वास तक सीमित न रखकर उसे राष्ट्रीय विकास नीति का अनिवार्य अंग बनाया जाए।प्रत्येक राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय अवसंरचना परियोजना चाहे वह राजमार्ग हो,रेलवे,स्मार्ट सिटी, औद्योगिक गलियारा, बंदरगाह या आवासीय परियोजना उसका जलवायु जोखिम मूल्यांकन अनिवार्य किया जाना चाहिए। यदि विकास परियोजनाएँ संभावित प्राकृतिक जोखिमों को ध्यान में रखकर बनाई जाएँगी, तो भविष्य में होने वाले आर्थिक नुकसान और जनहानि को काफी हद तक कम किया जा सकेगा।यह दृष्टिकोण अल्पकालिक खर्च अवश्य बढ़ाएगा,परंतु दीर्घकाल में राष्ट्र को कहीं अधिक सुरक्षित और आर्थिक रूप से सटीकता से सक्षम बनाएगा। साथियों,वर्तमान मानसून 7 जुलाई 2026 शाम 6 बजे तक ने देश के अनेक राज्यों को प्रभावित किया है। महाराष्ट्र केरल,कर्नाटक,उत्तराखंड,हिमाचल प्रदेश,असम तथा पूर्वोत्तर के कई क्षेत्रों में भारी वर्षा, जलभराव, भूस्खलन और नदी तंत्र के उफान ने जनजीवन को प्रभावित किया है। विशेष रूप से महानगरों में कुछ घंटों की वर्षा भी यातायात,स्वास्थ्य सेवाओं,बिजली आपूर्ति और आर्थिक गतिविधियों को बाधित कर देती है।वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन की घटनाएँ यह दशार्ती हैं कि अनियोजित निर्माण, वनों की कटाई और बदलते वर्षा पैटर्न ने जोखिम को कई गुना बढ़ा दिया है। यह केवल मौसम का उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि विकास और पर्यावरण के बीच असंतुलन का परिणाम भी है।जहाँ पहले कई दिनों तक सामान्य वर्षा होती थी, वहीं अब कुछ ही घंटों में अत्यधिक वर्षा होने लगी है। इससे शहरी जलनिकासी व्यवस्था,नदी तंत्र और पहाड़ी ढलानों पर अचानक दबाव बढ़ता है। यही कारण है कि विश्व के अनेक देशों में फ्लैश फ्लड,बादल फटना, समुद्री तूफान और भीषण गर्मी जैसी घटनाएँ पहले की तुलना में अधिक तीव्र और अधिक बार दिखाई दे रही हैं। भारत भी इस वैश्विक परिवर्तन से अछूता नहीं है। साथियों,जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा प्रभाव समाज के उस वर्ग पर पड़ता है जिसकी आजीविका सीधे प्रकृति पर निर्भर है। भारत की बड़ी आबादी कृषि, मत्स्य पालन, वानिकी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ी हुई है।

# दया की भी एक सीमा होती है न्याय की जीत से मिला घावों को मरहम



**कांतिलाल मांडोत**

26 जुलाई 2008 की वह शाम भारतीय इतिहास के सबसे दर्दनाक दिनों में हमेशा दर्ज रहेगी। महज 70 मिनट के भीतर गुजरात के अहमदाबाद शहर में 21 सिलसिलेवार बम धमाकों ने सामान्य जीवन को चीख-पुकार और अफरातफरी में बदल दिया था। बाजारों, सड़कों और अस्पतालों तक को निशाना बनाया गया। जिन अस्पतालों में घायल लोगों का इलाज चल रहा था, वहीं भी विस्फोट किए गए ताकि मौत और भय का दायरा और बढ़ सके। इस निर्मम हमले में 56 निर्दोष लोगों की जान चली गई और 246 से अधिक लोग घायल हुए। उस दिन केवल अहमदाबाद ही नहीं, बल्कि पूरा देश गहरे सदमे में था। हर भारतीय के मन में एक ही प्रश्न था कि आखिर निर्दोष लोगों का क्या अपराध था?

उस भयावह घटना को अठारह वर्ष बीत चुके हैं। समय के साथ शहर ने अपने घावों पर मरहम लगाया, जीवन फिर सामान्य हुआ, लेकिन जिन परिवारों ने अपने बेटे, बेटियां, माता-पिता, पति या पत्नी खो दिए, उनके लिए वह दिन कभी बीता ही नहीं। उनके घरों में आज भी 26 जुलाई की तारीख आते ही दर्द की वही लहर लौट आती है। न्यायालय के हालिया निर्णय ने उन परिवारों को यह भरोसा अवश्य दिया है कि न्याय भले देर से मिले, लेकिन यदि साक्ष्य मजबूत हों और कानून अपना काम करे तो अपराध अंततः दंड तक पहुंचता है।

गुजरात हाईकोर्ट ने विशेष अदालत द्वारा 38 दोषियों को दी गई फांसी की सजा को बरकरार रखते हुए और 11 दोषियों की उम्रकैद की सजा को भी कायम रखकर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि समाज के विरुद्ध किए गए संगठित और जघन्य अपराधों को कानून अत्यंत गंभीरता से देखता है। अदालत ने सभी अपीलों को खारिज करते हुए यह भी निर्देश दिया कि मृतकों के परिजनों और घायलों को उचित मुआवजा दिया जाए। यह निर्णय केवल कानूनी प्रक्रिया का अंतिम पड़ाव नहीं है, बल्कि उन परिवारों की वर्षों की प्रतीक्षा का भी उत्तर है, जिन्होंने न्याय की उम्मीद कभी नहीं छोड़ी।

यह मामला केवल सजा का नहीं है, बल्कि न्याय और दया के बीच संतुलन का भी है। किसी भी सभ्य समाज में दया एक महान मानवीय गुण मानी जाती है। दया मनुष्य को संवेदनशील बनाती है, समाज को मानवीय बनाती है और कानून को भी सुधार का अवसर देती है। लेकिन दया का अर्थ यह नहीं कि ऐसे अपराधों को भी उसी दृष्टि से देखा जाए, जिनका उद्देश्य केवल अधिक से अधिक निर्दोष लोगों की हत्या करना और पूरे समाज में भय फैलाना हो। जब कोई अपराध सुनियोजित तरीके से मासूमों की जान लेने के लिए किया जाता है, तब दया का प्रश्न स्वाभाविक रूप से सीमित हो जाता है।

न्याय व्यवस्था का उद्देश्य केवल अपराधी को दंड देना नहीं होता, बल्कि समाज में कानून के प्रति विश्वास बनाए रखना भी होता है। यदि ऐसे मामलों में अपराध की गंभीरता के अनुरूप दंड नहीं मिले, तो पीड़ित परिवारों के मन में यह भावना जन्म ले सकती है कि उनकी पीड़ा का उचित मूल्यांकन नहीं हुआ। न्याय तभी सार्थक माना जाता है जब वह पीड़ितों को यह विश्वास दिला सके कि राज्य और कानून उनके साथ खड़े हैं। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि न्याय प्रतिशोध नहीं होता। अदालतें भावनाओं के आधार पर नहीं, बल्कि साक्ष्यों, गवाहों और कानूनी प्रावधानों के आधार पर निर्णय देती हैं। अहमदाबाद विस्फोट मामले में वर्षों तक जांच चली, हजारों दस्तावेज प्रस्तुत किए गए, सैकड़ों गवाहों के बयान दर्ज हुए और लंबी न्यायिक प्रक्रिया के बाद विशेष अदालत ने फैसला सुनाया। उसके बाद उच्च न्यायालय ने भी विस्तृत सुनवाई के बाद उसी निर्णय को सही माना। इसका अर्थ है कि फैसला किसी आवेश का परिणाम नहीं, बल्कि विधिक परीक्षण की लंबी प्रक्रिया से गुजरकर सामने आया है। आज जब पीड़ित परिवार इस निर्णय पर संतोष व्यक्त कर रहे हैं तो उनके मन में बदले की भावना नहीं, बल्कि यह विश्वास है कि उनके अपनों की मौत को भुलाया नहीं गया। जिन माता-पिता ने अपने जवान बेटे खोए, जिन बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया, जिन परिवारों की खुशियां हमेशा के लिए समाप्त हो गईं, उनके लिए कोई भी फैसला उनके प्रियजनों को वापस नहीं ला सकता। फिर भी न्याय का निर्णय उनके घावों पर मरहम रखने का कार्य अवश्य करता है।

समाज को भी इस निर्णय से एक महत्वपूर्ण संदेश मिलता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी प्रकार की हिंसा, आतंक और निर्दोष लोगों की हत्या का कोई स्थान नहीं हो सकता। विचारों का मतभेद लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन हिंसा कभी समाधान नहीं बन सकती। जब अपराध का उद्देश्य पूरे समाज को भयभीत करना हो, तब कानून का कठोर होना भी उतना ही आवश्यक हो जाता है। यही कठोरता भविष्य में ऐसे अपराधों के विरुद्ध एक स्पष्ट चेतावनी का कार्य करती है।

यह भी उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय ने केवल दोषियों की सजा को बरकरार नहीं रखा, बल्कि मृतकों के परिजनों और घायलों को मुआवजा देने का निर्देश देकर पीड़ितों के अधिकारों को भी महत्व दिया है। आर्थिक सहायता किसी जीवन की भरपाई नहीं कर सकती, लेकिन यह राज्य की संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व का प्रतीक अवश्य होती है। न्याय केवल अपराधी को दंड देने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि पीड़ितों के पुनर्वास और सम्मान की भी चिंता करनी चाहिए।

समय के साथ समाज अक्सर बड़ी घटनाओं को भूलने लगता है, लेकिन इतिहास हमें याद दिलाता है कि ऐसी त्रासदियां केवल आंकड़े नहीं होतीं। प्रत्येक मृतक के पीछे एक परिवार, एक सपना और एक अधूरी कहानी होती है। इसलिए जब भी ऐसे मामलों में न्यायिक निर्णय आते हैं, हमें केवल दोषियों की सजा पर नहीं, बल्कि उन निर्दोष लोगों की स्मृति पर भी विचार करना चाहिए जिन्होंने बिना किसी गलती के अपना जीवन खो दिया। दया और न्याय दोनों किसी भी सभ्य समाज के आवश्यक स्तंभ हैं। लेकिन जब निर्दोष जीवनों को योजनाबद्ध ढंग से समाप्त करने का प्रयास किया जाए, तब न्याय का पलड़ा भारी होना ही समाज के हित में होता है। असीमित दया कभी-कभी न्याय के उद्देश्य को कमजोर कर सकती है। इसलिए कहा जाता है कि दया वहीं तक उचित है, जहां तक वह निदोर्षों के अधिकारों और समाज की सुरक्षा को प्रभावित न करे। जब अपराध मानवता के विरुद्ध हो, तब न्याय की दृढ़ता ही समाज में विश्वास बनाए रखती है।

अहमदाबाद की वह काली शाम देश कभी नहीं भूल सकता। वह केवल एक शहर पर हमला नहीं था, बल्कि भारत की शांति, सामाजिक विश्वास और मानवीय मूल्यों पर हमला था। आज उच्च न्यायालय के निर्णय ने यह संदेश दिया है कि कानून की गति भले धीमी हो, लेकिन वह अंततः अपने निष्कर्ष तक पहुंचती है। यह फैसला उन 56 मासूम लोगों की स्मृति को श्रद्धांजलि है, उन सैकड़ों घायलों के साहस का सम्मान है और उन परिवारों के धैर्य को नमन है जिन्होंने वर्षों तक न्याय की प्रतीक्षा की।

न्याय का वास्तविक अर्थ यही है कि पीड़ितों की पीड़ा को सुना जाए, अपराध की गंभीरता को समझा जाए और कानून निष्पक्ष होकर अपना दायित्व निभाए। दया मनुष्य का सर्वोच्च गुण है, परंतु जब वह निर्दोषों के अधिकारों पर भारी पड़ने लगे, तब न्याय को दृढ़ होना ही पड़ता है। अहमदाबाद विस्फोट मामले का यह निर्णय उसी सिद्धांत की पुनर्पुष्टि करता है कि दया की भी एक सीमा होती है और उस सीमा के आगे केवल न्याय ही समाज को सुरक्षित और संतुलित रख सकता है।

(वरिष्ठ पत्रकार साहित्यकार-स्तम्भकार)

## दुकान से खरीदे पानी के बोतल में था एसिड, पीते ही खून की उल्टियां करने लगी युवती... हापुड़ में हैरान करने वाला मामला



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ में एक युवती ने आरोप लगाया कि दुकानदार से खरीदी गई पानी की बोतल में पानी की जगह एसिड भरा था. पानी समझकर घूंट पीते ही उसकी तबीयत बिगड़ गई. परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर हालत में मेरठ के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया. उत्तर प्रदेश के हापुड़ से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. यहां एक युवती ने दुकानदार से खरीदी पानी की बोतल में एसिड मिलने का आरोप लगाया है. युवती ने पानी समझ एसिड का घूंट पिया. जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई. फिलहाल युवती को मेरठ के हायर सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. वहीं दुकानदार से युवती द्वारा पानी की बोतल खरीदने का एक सीसीटीवी भी सामने आया है, जो अब वायरल है. पूरा मामला हापुड़ के नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अर्जुन नगर के एक दुकान का बताया जा रहा है. जानकारी के अनुसार यहां एक युवती को कथित तौर पर पानी मांगने पर एक नामचीन ब्रांड की बोतल दी गई, लेकिन बोतल में पानी की जगह एसिड भरा हुआ था. जैसे ही युवती ने बोतल से पानी का घूंट लिया, उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई.

### पुलिस ने पूरे मामले की शुरू की जांच

घटना के बाद परिजनों और आसपास मौजूद लोगों ने युवती को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ हायर सेंटर रेफर कर दिया. सूचना मिलते ही हापुड नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी. शुरुआती जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि बोतल में एसिड कैसे पहुंचा और इसमें किसकी लापरवाही रही है? पुलिस सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है. फिलहाल युवती का इलाज हायर सेंटर में जारी है. घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है, जबकि सामने आए सीसीटीवी फुटेज ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है.

## सीएम योगी का कुशीनगर की धरती से सपा को संदेश- मंदिरों पर कब्जा कराते थे

**यूपी के कुशीनगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 525 करोड़ की 464 परियोजनाओं का शनिवार को शिलान्यास किया**



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर चुन-चुनकर हमला किया। योगी ने कहा कि आज हर धर्म के लोग अपना त्योहार मना रहे हैं। सपा सरकार में दुर्गा पूजा के समय प्रतिमा नहीं रखने दी जाती थी। होली पर रंग नहीं लगाने देते थे। डोल मेले पर रोक लगाते थे। ये लोग अयोध्या, मथुरा और काशी के बारे में कैसे सोचते थे? मंदिरों पर कब्जा कराते थे। अब मंदिरों पर कब्जा नहीं सुंदरीकरण हो रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुशीनगर के रामकोला हाटा विधानसभा क्षेत्र की 525 करोड़ की 464 परियोजनाओं का शनिवार को लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा मंदिरों के सुंदरीकरण का पैसा कब्रिस्तान पर खर्च करती थी। आज हमें आईना दिखा रहे हैं, यह शोभा नहीं देता है। आज हर जगह विकास हो रहा है। कुशीनगर की एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी शुरू होने वाली है। कुशीनगर में टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं, जिसे सरकार बढ़ाएगी।

मुख्यमंत्री योगी ने आगे कहा कि नारायणी नदी के उस पार की कनेक्टिविटी नहीं थी। हम उनके लिए भी पुल बनाने जा रहे हैं। गरीबों के कल्याण, युवकों के रोजगार, किसान के कल्याण के लिए धन की कोई कमी नहीं है। किसी शिक्षक के साथ कार्य के दौरान कोई घटना होती है तो परिवार को 80 लाख से डेढ़ करोड़ रुपये तक मिलेगा। मुख्यमंत्री ने सियावर रामचंद्र भगवान की जय का नारा लगाया। कहा कि रामायण कालीन कुशीनगर भगवान बुद्ध और महावीर की इस धारा को नमन करता हूं। कुशीनगर में काफी संभावनाएं पहले भी थीं, लेकिन उसके पूर्ववर्ती सरकार की ईमानदार नहीं थी। सब कुछ होने के बाद भी कुशीनगर पिछड़ेपन, बीमारी का केंद्र बन गया था।




# बांधवगढ़ में मिला बाघ का कंकाल, सिवनी से लाई गई 'रेडियो कॉलर' वाली लापता बाघिन की मौत का गहराया शक

**विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला परिक्षेत्र में एक बाघ का कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया है। बेहरहा इनक्लोजर में रखी एक रेडियो कॉलर वाली बाघिन के गायब होने के बाद कंकाल को उसी से जोड़कर देखा जा रहा है**

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**उमरिया।** मध्य प्रदेश के विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से एक बेहद परेशान करने वाली खबर सामने आई है। पार्क के ताला परिक्षेत्र के अंतर्गत मझखेता बीट में मानसूनी गश्ती के दौरान एक बाघ का कंकाल मिला है। इस घटना के बाद से ही पार्क प्रबंधन में हड़कंप मचा हुआ है, क्योंकि कुछ दिन पहले ही सिवनी से लाई गई एक बाघिन रेडियो कॉलर लगे होने के बावजूद रहस्यमय तरीके से लापता हो गई थी। आशंका जताई जा रही है कि यह कंकाल उसी लापता बाघिन का हो सकता है। दरअसल, 23 जून को सिवनी से एक बाघिन को लाकर यहां के बेहरहा इनक्लोजर में शिफ्ट किया गया था। लेकिन महज तीन दिन बाद ही वह बाघिन रेडियो कॉलर सहित सुरक्षा घेरे को तोड़कर फरार हो गई। पार्क प्रबंधन उसकी लगातार तलाश कर रहा था कि इसी बीच 9 जुलाई 2026 को मझखेता के अत्यंत दुर्गम इलाके में इस कंकाल के होने की सूचना मिली।



### डॉग स्क्वाड और मेटल डिटेक्टर से जांच

सूचना मिलते ही क्षेत्र संचालक सहित पूरी प्रशासनिक टीम, वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी और डॉग स्क्वाड मौके पर पहुंचे। शिकार की आशंका को देखते हुए मेटल डिटेक्टर से भी पूरे इलाके की सघन जांच कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के वरिष्ठ अधिकारी ने पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। मझखेता बीट में एक मांसाहारी वन्यप्राणी का कंकाल मिला है, जो प्रथम दृष्टया बाघ का ही प्रतीत हो रहा है। 10 जुलाई को राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के गाइडलाइंस और मानक प्रोटोकॉल के तहत वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारियों की मौजूदगी में कंकाल का विधिवत परीक्षण किया गया। प्रजाति और लिंग की सटीक पुष्टि के लिए आवश्यक फॉरेंसिक सैंपल एकत्र कर लिए गए हैं, जिसके बाद विधिक तरीके से शवदाह की कार्रवाई पूरी की गई। टाइगर श्रॉफ की बॉडी देख हैरान रह जाएंगे! बांद्रा में स्पॉट हुए एक्टर बांधवगढ़ के ताला रेंज में बाघ का पुराना कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई है। आशंका जताई जा रही है कि यह कंकाल सिवनी से लाई गई उसी बाघिन का है, जो रेडियो कॉलर लगे होने के बावजूद पार्क के इनक्लोजर से लापता थी। 23 जून 2026: सिवनी से रेस्क्यू कर लाई गई बाघिन को बांधवगढ़ के बेहरहा इनक्लोजर में छोड़ा गया। 26 जून 2026: रेडियो कॉलर एक्टिव होने के बावजूद बाघिन इनक्लोजर से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई।09 जुलाई 2026: ताला परिक्षेत्र की मझखेता बीट के दुर्गम स्थान पर गश्ती दल को वन्यप्राणी का कंकाल मिला। 10 जुलाई 2026: एनटीसीए गाइडलाइंस के तहत फॉरेंसिक सैंपल कलेक्ट कर कंकाल का अंतिम संस्कार किया गया।

# दतिया में नरोत्तम मिश्रा के समर्थकों का बवाल, पत्थरबाजी में SP समेत 6 घायल, NH-44 पर 15 KM लंबा जाम

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**दतिया।** मध्य प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए बीजेपी द्वारा टिकट की घोषणा करते ही इलाके में भारी बवाल मच गया है. पूर्व गृह मंत्री और कद्दावर बीजेपी नेता नरोत्तम मिश्रा को टिकट न मिलने से नाराज उनके हजारों समर्थकों ने कल रात नेशनल हाईवे-44 (ह॥-44) को पूरी तरह ब्लॉक कर दिया. देखते ही देखते विरोध प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया और तड़के सुबह पुलिस पर भारी पथराव किया गया, जिसमें दतिया के एसपी मयूर खंडेलवाल और एडिशनल एसपी समेत 6 से अधिक पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. न्यूज़ एजेंसी ह्रढ्ढ के मुताबिक, दतिया के एसपी मयूर खंडेलवाल ने बताया कि कल शाम 6 बजे से ही करीब 3,000 से ज्यादा उपद्रवी दतिया शहर का माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे. उन्होंने जबरन बाजार बंद कराए और नेशनल हाईवे पर 'चक्का जाम' कर दिया. इसके चलते हाईवे पर करीब 15 किलोमीटर लंबा भीषण जाम लग गया, जिससे पड़ोसी जिलों की यातायात व्यवस्था भी चरमरा गई.एसपी और कलेक्टर ने प्रदर्शनकारियों से बार-बार जाम हटाने की अपील की, लेकिन वे नहीं माने. सुबह करीब 4 बजे उपद्रवियों ने अचानक पुलिस टीम पर पत्थरों से हमला कर दिया. मयूर खंडेलवाल ने



कहा, 'माहौल बिगड़ता देख पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, जिसके बाद पथराव और तेज हो गया. इस हमले में मुझे, एडिशनल एसपी और हमारे 6 से अधिक जवानों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इसके बाद पुलिस ने सख्ती बरतते हुए दोबारा आंसू गैस का इस्तेमाल किया और बल प्रयोग कर उपद्रवियों को खदेड़ा. कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है और बाकियों को सरेंडर करने की चेतावनी दी गई है. '

### बीजेपी नेता का पुलिस पर आरोप

भाजपा के जिला मंत्री भानु सिंह ने आजतक से बात करते हुए कहा, ' हम लोग शांतिपूर्ण तरीके से भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से ये मांग कर रहे थे कि दतिया का जो टिकट हुआ है उसे वापस लिया जाए और नरोत्तम मिश्रा जी को टिकट दिया जाए. हम संवैधानिक तरीके से अपनी मांग रख रहे थे. हम लोगों ने पूरी रात रामधुन गाकर भारतीय जनता पार्टी से मांग करते हुए कहा कि टिकट नरोत्तम जी को दिया जाए लेकिन पुलिस प्रशासन, पुलिस अधीक्षक और दतिया कलेक्टर की बर्बरता देखिए कि भाजपा के कार्यकर्ताओं को दफ्तर में कैद कर दिया. जब तक डॉ. नरोत्तम मिश्रा जी को टिकट नहीं मिलेगा तब तक हम लोग चक्का जाम करेंगे.'

### क्यों नाराज हैं नरोत्तम मिश्रा के समर्थक?

दरअसल, बीजेपी ने शुक्रवार को दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए सीनियर नेता नरोत्तम मिश्रा का पत्ता काटते हुए आशुतोष तिवारी को अपना आधिकारिक उम्मीदवार घोषित कर दिया. पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा और उनके समर्थकों को पूरा भरोसा था कि टिकट उन्हें ही मिलेगा और उन्होंने नामांकन फॉर्म भी खरीद लिया था. जैसे ही आशुतोष तिवारी के नाम का ऐलान हुआ, नरोत्तम मिश्रा के समर्थक सड़कों पर उतर आए. कुछ समर्थक शर्ट उतारकर सड़क पर लेट गए और 'नरोत्तम दादा' को टिकट न मिलने पर बीजेपी छोड़ने तक की धमकी देने लगे. हालांकि, टिकट मिलने के बाद आशुतोष तिवारी ने कहा कि नरोत्तम मिश्रा उनके अभिभावक है.

## नरोत्तम मिश्रा के समर्थकों का प्रदर्शन, टिकट बदलने की उठी मांग

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**दतिया।** मध्य प्रदेश के दतिया जिले में भाजपा नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा का टिकट कटने के बाद हालात बेकाबू हो गए. भाजपा ने शुक्रवार को दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार घोषित किया, जिसके बाद नाराज समर्थकों ने नेशनल हाईवे 44 पर करीब 12 घंटे तक जाम लगा दिया. तीन हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया, जिसमें दतिया एसपी सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए. पुलिस को भीड़ को हटाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े. वहीं डबरा में नरोत्तम मिश्रा के घर के बाहर भी दिनभर समर्थकों की भीड़ जुटी रही और वे मांग करते रहे कि चुनाव सिर्फ नरोत्तम मिश्रा ही लड़ें. भाजपा ने जैसे ही आशुतोष तिवारी को टिकट देने का ऐलान किया, नरोत्तम मिश्रा के समर्थक भड़क उठे. पार्टी सूत्रों के मुताबिक मिश्रा को उम्मीद थी कि टिकट उन्हें ही मिलेगा और उन्होंने नामांकन फॉर्म भी खरीद लिया था. टिकट कटने की खबर से नाराज कार्यकर्ताओं ने दतिया शहर में बाजार बंद कराने की कोशिश की और हाईवे पर धरना देकर रास्ता रोक दिया. समर्थकों का कहना है कि भाजपा ने जिस उम्मीदवार को टिकट दिया है, उसे क्षेत्र के अधिकांश लोग जानते



तक नहीं हैं. उनका दावा है कि डॉ. नरोत्तम मिश्रा की संगठन और जनता के बीच मजबूत पकड़ है और ऐसे समय में उनका टिकट काटना पार्टी के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है. समर्थकों ने टिकट बदलने की भी मांग की है. कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की गई, लेकिन वे नहीं माने और पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया, जिसके बाद पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े. एसपी मयूर खंडेलवाल ने बताया कि छह से ज्यादा पुलिसकर्मी पथराव में घायल हुए हैं और कुछ प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है. भीड़ ने पुलिस समेत कई वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया, हालांकि बाद में हाईवे को खाली करा लिया गया. इस विरोध के बीच भाजपा के जिला अध्यक्ष सहित कई पार्षदों ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया. एक समर्थक बलराम ने बताया कि कई कार्यकर्ताओं ने कपड़े उतारकर सड़क पर लेटकर विरोध जताया, जबकि दूसरे समर्थकों ने कहा कि जब तक 'नरोत्तम दादा' को टिकट नहीं मिलता, वे पीछे नहीं हटेंगे और पार्टी तक छोड़ सकते हैं. उधर नए उम्मीदवार आशुतोष तिवारी ने नरोत्तम मिश्रा को अपना अभिभावक बताते हुए कहा कि मिश्रा उनके लिए प्रचार करेंगे. इस बीच डबरा में मिश्रा के घर के बाहर सुबह से ही सियासी चौपाल जारी रही और खबर है कि वे खुद देर रात दिल्ली रवाना हो गए, जिससे कयास और तेज हो गए हैं. गौरतलब है कि दतिया सीट 2023 में कांग्रेस के राजेंद्र भार्ती ने तत्कालीन गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा को साढ़े सात हजार से ज्यादा वोटों से हराया था. लेकिन इस साल अप्रैल में दिल्ली की एक अदालत ने भार्ती को धोखाधड़ी के एक मामले में तीन साल की सजा सुनाई, जिसके बाद उनकी विधायकी रद्द हो गई और यह सीट खाली हो गई, हालांकि बाद में उन्हें जमानत मिल गई. चुनाव आयोग ने हाल ही में देश की तीन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का ऐलान किया है, जिनमें दतिया के अलावा बिहार और गुजरात की सीटें शामिल हैं. इन सभी सीटों पर 30 जुलाई को वोटिंग होगी और नतीजे 3 अगस्त को आएंगे.

# गोंडा: घाघरा नदी में मगरमच्छ-घड़ियाल की हलचल, आसपास के इलाकों में दहशत, तटीय गांवों में अलर्ट जारी

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**गोंडा।** गोंडा जिले से होकर अयोध्या की ओर बहने वाली घाघरा नदी में इन दिनों मगरमच्छ और घड़ियाल दिखाई देने से आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। नदी के अलग - अलग हिस्सों से दो वीडियो सामने आए हैं, जिसके बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया और तटीय क्षेत्रों के लिए अलर्ट जारी कर दिया गया है। गोंडा जिले के तरबगंज व कर्नलगंज क्षेत्र में घाघरा नदी बहती है। करनैलगंज से लेकर अयोध्या की सीमा तक घाघरा नदी लगभग 100 किलोमीटर के क्षेत्र में फैली हुई है। मानसून के बाद नदी में पानी का स्तर और बहाव दोनों बढ़ गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इसी वजह से घड़ियाल और मगरमच्छ अपने ठिकानों से निकलकर किनारों तक आ रहे हैं।

### दो वीडियो आ चुके हैं सामने

इस पूरे इलाके में लगातार इन जंगली जानवरों के देखे जाने की सूचना मिल रही है। प्रशासन के अनुसार इन जानवरों के हमले में अब तक 2 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग घायल



भी हुए हैं। सामने आए पहले वीडियो में सोनौली मोहम्मदपुर ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले बच्ची माझा क्षेत्र में एक मगरमच्छ नदी के किनारे बैठा नजर आया। आसपास ग्रामीणों की मौजूदगी देखकर वह तुरंत पानी की तरफ भाग गया। वहीं दूसरा वीडियो करनैलगंज के पास घाघरा नदी का है, जिसमें एक घड़ियाल साफ तौर पर देखा जा सकता है। दोनों वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई। इन दोनों वीडियो के सामने आते ही गोंडा जिला प्रशासन ने करनैलगंज और तरबगंज तहसील के एक दर्जन से ज्यादा तटीय गांवों के लिए चेतावनी जारी की है। प्रशासन की तरफ से एडवाइजरी भी जारी की गई है जिसमें लोगों से नदी के किनारे न जाने की अपील की गई है। एडवाइजरी में स्पष्ट कहा गया है कि अगर किसी काम से नदी किनारे जाना बेहद जरूरी हो तो पूरी सावधानी बरतें, बच्चों और बुजुर्गों को साथ न ले जाएं और अपने साथ बचाव के पूरे इंतजाम रखें। इसके साथ ही लोगों को सलाह दी गई है कि वे अपने पशुओं को भी नदी में न ले जाएं और मछली पकड़ने या नहाने के लिए नदी में न उतरें। प्रशासन का कहना है कि नदी में पानी का बहाव तेज है और इसी वजह से घड़ियाल और मगरमच्छ बहकर किनारे तक आ सकते हैं, जिससे कोई भी हादसा होने की संभावना बनी हुई है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जानकारी दी कि घड़ियाल और मगरमच्छ को लेकर लोगों को सतर्क करने के लिए सभी तटीय इलाकों में चेतावनी बोर्ड लगवाए गए हैं। वन विभाग की टीमों को भी अलर्ट पर रखा गया है और वह लगातार गश्त कर रही हैं। साथ ही ग्रामीणों से लगातार अपील की जा रही है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन या वन विभाग को दें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। फिलहाल स्थिति पर वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की नजर बनी हुई है।

## गाजियाबाद में 24 घंटे में करंट से दूसरी मौत, ट्रांसफॉर्मर के पास खेल रहे मासूम की गई जान



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**गाजियाबाद।** करंट लगने से मौत की दूसरी घटना सामने आई है. टीला मोड़ थाना क्षेत्र की इकबाल कॉलोनी में शुक्रवार को बिजली के करंट की चपेट में आने से 8 वर्षीय अयान की दर्दनाक मौत हो गई. गाजियाबाद में पिछले 24 घंटे के भीतर इस तरह का यह दूसरा मामला है. इससे पहले इंदिरापुरम के न्यायखंड इलाके में पार्क में जलभराव के दौरान करंट की चपेट में आने से 28 वर्षीय नरेंद्र उर्फ बबलू की मौत हो गई थी. लगातार दो दिनों में हुई इन दो घटनाओं ने शहर में बिजली व्यवस्था की सुरक्षा और विभागीय जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.द्व घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की. मृतक अयान के पिता सुबेदीन ने टीला मोड़ थाने में दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार शाम करीब चार बजे उनका बेटा घर के बाहर गली में खेल रहा था. इसी दौरान वह गली में लगे बिजली के खंभे और ट्रांसफॉर्मर के आसपास फैले करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. लोगों ने पूरे इलाके के बिजली के खंभों, ट्रांसफॉर्मरों और विद्युत लाइनों का तत्काल सुरक्षा ऑडिट कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है. परिजनों का आरोप है कि कॉलोनी के लोगों ने पहले भी कई बार बिजली विभाग को लिखित और मौखिक रूप से शिकायत दी थी कि ट्रांसफॉर्मर और बिजली के खंभे के आसपास करंट उतरता है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है. इसके बावजूद विभाग ने न तो स्थायी समाधान किया और न ही सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए. शिकायत में बिजली विभाग के एसडीओ विजय सैनी, जूनियर इंजीनियर (जेई) विनोद कुमार तथा कर्मचारी ताहिर और साजिद समेत अन्य जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया गया है. परिजनों ने इन सभी के खिलाफ उचित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच की मांग की है. उनका कहना है कि यह सिर्फ हादसा नहीं, बल्कि विभागीय उदासीनता का नतीजा है. घटना के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नाराजगी जताई. स्थानीय निवासी अकबर चौधरी ने आरोप लगाया कि जिस खंभे के पास यह हादसा हुआ, वहां लंबे समय से करंट उतरने की समस्या बनी हुई थी. कई बार शिकायत करने के बावजूद विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया. स्थानीय लोगों का यह भी दावा है कि इससे पहले भी उसी स्थान पर करंट लगने से कई पशुओं की मौत हो चुकी है, लेकिन तब भी समस्या का समाधान नहीं किया गया.

## नोएडा एयरपोर्ट को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ेगा 74.3KM का लिंक एक्सप्रेसवे



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**नोएडा।** मनीष सिंह, ग्रेटर नोएडाः दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कनेक्टिविटी को नई गति देने के लिए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाली महत्वाकांक्षी लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। करीब 74.3 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे के लिए जमीन अधिग्रहण का काम तेज गति से चल रहा है। लगभग 4 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना से जेवर एयरपोर्ट, यमुना एक्सप्रेसवे , गंगा एक्सप्रेसवे और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के बीच सीधा और तेज संपर्क स्थापित होगा। इससे औद्योगिक विकास, कार्गो परिवहन और यात्रियों की आवाजाही को बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अनुसार, परियोजना के लिए आवश्यक जमीन में से अब तक करीब 422 एकड़, यानी लगभग 57 प्रतिशत भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। राज्य सरकार ने जमीन खरीदने के लिए 1204 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया है। अधिकारियों का कहना है कि शेष भूमि का अधिग्रहण भी अगले एक महीने के भीतर पूरा होने की संभावना है। लिंक एक्सप्रेसवे के लिए कुल 56 गांवों की जमीन का उपयोग किया जाएगा। इनमें गौतमबुद्ध नगर के 8 गांव और बुलंदशहर के 48 गांव शामिल हैं। बुलंदशहर जिले के ये गांव खुर्जा, सियाना, बुलंदशहर और सिकंदराबाद तहसीलों में स्थित हैं। यीडा क्षेत्र के 16 गांवों से लगभग 740 एकड़ जमीन खरीदी जा रही है। यह परियोजना उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) की ओर से विकसित की जाएगी। पहले यीडा जमीन का अधिग्रहण कर उसे यूपीडा को सौंपेगा, जिसके बाद निर्माण कार्य शुरू होगा।

महानगर मेट्रो
www.mahanagarmetro.com
अहमदाबाद, (रविवार)
12 जुलाई 2026



# राज ठाकरे ने हिंदी के इस्तेमाल पर उठाया सवाल, भड़के फडणवीस, संस्कृत के दो शब्दों से दे दिया जवाब

**'मिसिंग लिंक' प्रोजेक्ट को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मनसे प्रमुख राज ठाकरे के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है**

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**मुंबई।** 'मिसिंग लिंक' प्रोजेक्ट साइट पर हुए भूस्खलन (लैंडस्लाइड) के बाद महाराष्ट्र की राजनीति गरमा गई है। इस मुद्दे पर सरकार और विपक्ष के बीच तीखी बयानबाजी चल रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में विपक्ष पर कड़ा हमला किया। इसके बाद महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने उनकी आलोचना की। अब फडणवीस ने सदन में इसका कड़ा जवाब दिया है। 'मिसिंग लिंक' के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गलत प्रचार किया जा रहा है कि कनेक्टिंग लिंक पर खर्च किए गए 7000 करोड़ रुपये बर्बाद हो गए हैं। यह न सिर्फ मेरा, बल्कि महाराष्ट्र का भी अपमान है। झूठी खबरें फैलाकर राज्य को बदनाम किया जा रहा है। इसी भाषण में देवेंद्र फडणवीस ने राज ठाकरे पर भी परोक्ष रूप से तंज कसा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोगों को 'भाड़े के टट्टू' शब्द पर आपत्ति थी। इसलिए मैंने थोड़ी रिसर्च की। सभ्य भाषा में इसे 'भाटक गर्दभ'कहा जाता है। अगर फिर भी समझ न आए, तो उन्हें 'सुपारीबाज' कहा जाता है। राज ठाकरे को बताया 'मिमिक्री आर्टिस्ट' राज ठाकरे ने सवाल



उठाया था कि मुख्यमंत्री महाराष्ट्र के हैं तो वे हिंदी में क्यों बोलते हैं? इस पर जवाब देते हुए फडणवीस ने कहा कि मैंने हिंदी में एक वाक्य बोला था। मैंने यह खास तौर पर उन लोगों के लिए कहा था जिन्हें इसे समझने की जरूरत थी। लेकिन बुरा दूसरों को लगा। हमारे 'मिमिक्री आर्टिस्ट' ने पूछा कि आपने हिंदी में क्यों बात की? इसके बाद उन्होंने मजाकिया अंदाज में तंज कसा कि राज ठाकरे हमारे दोस्त हैं। हमें उनसे कोई राजनीतिक खतरा नहीं है। लेकिन अगर उन्होंने मिमिक्री में करियर बनाया होता, तो बाजार में एक भी स्टैंड-अप कॉमेडियन नहीं टिक पाता। इस टिप्पणी के जरिए उन्होंने सदन के भीतर राज ठाकरे का मजाक उड़ाया।

### नेताओं के बीच तीखी जुबानी जंग तेज

मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद विधानसभा में सत्ता पक्ष के सदस्यों ने मेजें थपथपाकर उनका समर्थन किया, जबकि विपक्ष ने इस टिप्पणी पर आपत्ति जताई। हाल के दिनों में विधानसभा के भीतर और बाहर राजनीतिक बयानबाजी तेज रही है और अलग-अलग दलों के नेताओं के बीच तीखी जुबानी जंग देखने को मिल रही है। इस बीच 'मिसिंग लिंक' प्रोजेक्ट को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच टकराव हर दिन बढ़ता जा रहा है। विधानसभा से लेकर सोशल मीडिया तक इस मुद्दे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। फडणवीस और राज ठाकरे के बीच हुई इस नई जुबानी जंग ने 'मिसिंग लिंक' के मुद्दे को एक बार फिर राज्य की राजनीति में चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

## आरएमएल अस्पताल में फिल्मी अंदाज में ठगी, लाल चुन्नी से छिपाई स्कूटी की नंबर प्लेट

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**नईदिल्ली।** दिल्ली के वीआईपी इलाके में ठगी का एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। नई दिल्ली के नॉर्थ एवेन्यू इलाके में स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल परिसर में दो शातिर ठगों ने एक बड़ी चालाकी से डिलिवरी बॉय को झांसा दिया और बिना भुगतान किए 94 हजार रुपये की कीमत के 4 लैपटॉप लेकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत और



सीसीटीवी फुटेज के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस सूत्र ने बताया कि 27 वर्षीय पीड़ित प्रदीप कुमार सरिता विहार के रहने वाले हैं और ग्रेटर नोएडा की एक कंपनी में काम करते हैं। कंपनी रिफर्बिश्ड लैपटॉप बेचने का व्यवसाय करती है। 5 जुलाई को उनके ऑफिस के नंबर पर एक अज्ञात वॉट्सऐप नंबर से चार लैपटॉप का ऑर्डर आया था, जिसका सौदा 94 हजार रुपये में तय हुआ था। इन लैपटॉप में दो डेल और दो लेनोवो ब्रांड के लैपटॉप थे। पहले से तय सौदे के मुताबिक 8 जुलाई की शाम को प्रदीप डिलिवरी देने के लिए नई दिल्ली के काली बाड़ी मार्ग पहुंचे। वहां ग्राहक ने उन्हें फोन कर ऋऋअस्पताल के गेट नंबर-6 के पास बुलाया। इसके बाद आरोपी प्रदीप को अस्पताल के अंदर स्टाफ कैंटीन के सामने ले कैंटीन के पास पहुंचने पर दूसरे आरोपी ने लैपटॉप बॉक्स खोलकर उनकी चेकिंग शुरू कर दी। इसी बीच पहले आरोपी ने प्रदीप से कहा कि जब तक लैपटॉप चेक हो रहे हैं, तब तक वह उसके साथ स्कूटी पर चलकर दुकान से पैसे ले आए। प्रदीप उसकी नीली रंग की स्कूटी पर पीछे बैठ गए। शातिर आरोपियों ने स्कूटी की अगली नंबर प्लेट को लाल रंग की चुन्नी से छिपा रखा था ताकि उसकी पहचान न हो सके। कुछ दूर आगे जाने पर आरोपी ने प्रदीप से कहा 'आगे ट्रैफिक पुलिस खड़ी है, तुम यहां उतर जाओ, मैं तुम्हें आगे से दोबारा बैठा लूंगा।' प्रदीप के उतरते ही आरोपी स्कूटी लेकर तेजी से भाग निकला।

## शास्त्री पार्क में दिनदहाड़े लूट, ऑटो सवार कूरियर बॉय को घेरकर बैग उड़ा ले गए बाइक सवार तीन बदमाश



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में दिनदहाड़े झपटमारी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। एक ऑटो से चावड़ी बाजार जा रहे कूरियर बॉय को निशाना बनाकर बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसका बैग छीन लिया और फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### क्या था पूरा मामला

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित भोला वर्मा (19) उत्तर प्रदेश के हाथरस के नगला चोबे गांव के निवासी हैं और हाथरस से दिल्ली के बीच कूरियर का काम करते हैं। कल यानी 10 जुलाई को भोला हाथरस से कूरियर लेकर दिल्ली के लोनी गोल चक्कर पहुंचे थे। वहां से उन्होंने चावड़ी बाजार जाने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल के जरिए ऑटो बुक किया और उसमें गिफ्ट आइटम्स रखकर रवाना हुए?

### सड़क पर घेरकर झपटा कैश वाला बैग

दोपहर करीब 2:40 बजे, जब उनका ऑटो शास्त्री पार्क इलाके में ओल्ड जीटी रोड से गांधी नगर की तरफ जा रहा था, तभी देहरादून हाईवे के नीचे पिलर नंबर 42 के पास एक बाइक पर सवार तीन लड़के आए। तीनों बदमाशों ने हेलमेट नहीं पहना था। उन्होंने ऑटो के पास आकर अचानक भोला का ग्रे रंग का बैग झपट लिया और गांधी नगर की ओर तेजी से भाग निकले। बैग में 25,000 रुपये, मोटोरोला मोबाइल का चार्जर, यूनियन बैंक का एटीएम कार्ड, आधार कार्ड की फोटोकॉपी और गिफ्ट आइटम्स के बिल रखे हुए थे। वहीं नॉर्थ एवेन्यू इलाके में स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया के परिसर से भी धोखाधड़ी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। इलाके में दो शातिर ठगों ने डिलिवरी बॉय को झांसा देकर बिना भुगतान किए 4 लैपटॉप लेकर फरार हो गए। पुलिस मामले आरोपियों को पकड़ने के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## दिल्ली-गुरुग्राम सफर होगा आसान! मांडी रोड को नेशनल हाईवे बनाने की CM रेखा गुप्ता ने उठाई मांग

**दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्र सरकार से दक्षिण दिल्ली की 8.8 किलोमीटर लंबी मांडी रोड को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की है**

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्र सरकार से दक्षिण दिल्ली के मांडी रोड को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का शुक्रवार को आग्रह किया। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, 'गुप्ता ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को लिखे पत्र में मांडी रोड के विकास का कार्य भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को सौंपने का आग्रह किया ताकि इसके विकास के लिए



एकीकृत योजना बनाई जा सके, समान इंजीनियरिंग मानकों को अपनाया जा सके और इस महत्वपूर्ण कॉरिडोर का समयबद्ध उन्नयन सुनिश्चित किया जा सके।' मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने पत्र में कहा है कि लगभग 8.8 किलोमीटर लंबा मांडी रोड दिल्ली-एनसीआर का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक सड़क गलियारा है और यह छतरपुर मेट्रो स्टेशन के निकट महरौली-गुरुग्राम रोड (एनएच-148ए) को दिल्ली-हरियाणा सीमा पर गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड से जोड़ता है। उनके मुताबिक, यह मार्ग राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और पड़ोसी आर्थिक केंद्रों गुरुग्राम और फरीदाबाद के बीच एक महत्वपूर्ण संपर्क कड़ी है तथा अंतर-राज्यीय यातायात के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मुख्यमंत्री ने गडकरी से कहा कि मांडी रोड के रणनीतिक महत्व, मौजूदा और भावी यातायात मांग और राष्ट्रीय राजमार्ग-148ए के साथ इसके सीधे संपर्क को देखते हुए इस सड़क को एनएचएआई के दायरे में लाने पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पहल से प्रतिदिन इस मार्ग का उपयोग करने वाले यात्रियों को बेहतर और अधिक सुगम यातायात सुविधा मिलेगी तथा दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में संपर्क व्यवस्था और मजबूत होगी तथा क्षेत्रीय आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी। गुप्ता ने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि 'यूनिफाइड ट्रैफिक एंड ट्रांसपोर्टेशन इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग एंड इंजीनियरिंग सेंटर' (यूटीटीआईपीईसी) के शासी मंडल ने 27 सितंबर 2023 को आयोजित अपनी 68वीं बैठक में मांडी रोड के महत्व को मान्यता देते हुए इसके चौड़ीकरण और व्यापक विकास के प्रस्ताव का समर्थन किया था।

## महाराष्ट्र सरकार ने कर्जमाफी की शर्तों में दी ढील, शरद पवार ने फैसले पर जताई खुशी

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**महाराष्ट्र।** सरकार ने कृषि कर्जमाफी योजना की पात्रता शर्तों में बड़ी राहत दी है, जिसका शरद पवार ने स्वागत किया है. उन्होंने कहा कि इस फैसले से लाखों किसान योजना के लाभ से वंचित होने से बच जाएंगे. सरकार ने 2019 की कर्जमाफी योजना के लाभार्थियों के लिए 50 हजार रुपये की सीमा हटाकर 2 लाख रुपये तक की राहत देने और नियमित ऋण भुगतान से जुड़ी शर्तों में भी ढील देने का फैसला किया है. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा कृषि कर्जमाफी योजना की पात्रता शर्तों में दी गई ढील का स्वागत किया. उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से लाखों किसान योजना के लाभ से वंचित होने से बच जाएंगे. शरद पवार ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि राज्य सरकार ने बार-बार आने वाली प्राकृतिक आपदाओं और कृषि उपज की कीमतों में भारी गिरावट को देखते हुए कर्जमाफी योजना की घोषणा की थी. हालांकि योजना में शुरुआत में कुछ ऐसी शर्तें रखी गई थीं, जिनके कारण बड़ी संख्या में किसान इसका लाभ नहीं ले पाते. उन्होंने बताया कि पहले 2019 की महात्मा ज्योतिराव फुले शेतकरी



कर्जमुक्ति योजना का लाभ लेने वाले किसानों के लिए अधिकतम राहत राशि 50 हजार रुपये तक सीमित कर दी गई थी. इसके अलावा नियमित रूप से कर्ज चुकाने वाले किसानों के लिए यह शर्त रखी गई थी कि उन्हें 2025-26 और 2026-27 के फसल ऋण का भुगतान भी करना होगा, तभी वे प्रोत्साहन राशि के पात्र होंगे. शरद पवार ने कहा कि इन शर्तों के कारण लाखों किसानों को योजना से बाहर होना पड़ता. उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार का इन दोनों शर्तों को वापस लेने के लिए आभार जताया और कहा कि यह फैसला राज्य के किसानों की भावनाओं के अनुरूप है. उन्होंने इस बदलाव के लिए किसान संगठनों, विभिन्न राजनीतिक दलों और उनके नेताओं को भी बधाई दी, जिन्होंने इन शर्तों के खिलाफ आवाज उठाई. शरद पवार ने विशेष रूप से अपनी पार्टी के विधायक रोहित पवार और उनके सहयोगियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने नियमों में बदलाव कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इससे पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में विपक्ष के प्रस्ताव पर जवाब देते हुए कर्जमाफी योजना में बड़ी राहत का ऐलान किया था. उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 की महात्मा ज्योतिराव फुले कर्जमाफी योजना के लाभार्थी किसान अब पहले की तरह सिर्फ 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उन्हें 2 लाख रुपये तक की कर्जमाफी का लाभ मिल सकेगा. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यह भी घोषणा की कि अब किसानों को योजना का लाभ पाने के लिए 2026-27 में फसल ऋण चुकाने की अनिवार्य शर्त पूरी नहीं करनी होगी. इसके बजाय, यदि किसी किसान ने किसी भी पिछले दो वर्षों में नियमित रूप से ऋण का भुगतान किया है, तो वह योजना के लिए पात्र माना जाएगा. उन्होंने बताया कि यह फैसला महायुति गठबंधन के विधायकों की मांग पर लिया गया है.

## दिल्ली में 70 लाख की ड्रग के साथ जैकलीन गिरफ्तार, कॉलेज छात्रों को करती थी सप्लाई

स्वर्ण खबर डेस्क

**दिल्ली।** पुलिस ने राजधानी के मोहन गार्डन इलाके में बड़ी कार्रवाई करते हुए युगांडा की 26 वर्षीय महिला जैकलीन नामुलोंडो को 117 ग्राम एम्फेटामाइन के साथ गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार बरामद सिंथेटिक ड्रग की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 70 लाख रुपये आंकी गई है. इस मामले में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है. एक एजेंसी के अनुसार



पुलिस अधिकारियों के मुताबिक गुप्त सूचना मिली थी कि मोहन गार्डन क्षेत्र में किराये के मकान में रहने वाली एक विदेशी महिला बड़े पैमाने पर सिंथेटिक ड्रग की सप्लाई कर रही है. सूचना के आधार पर गुरुवार को टीम ने छापेमारी की, जहां से 117 ग्राम उच्च गुणवत्ता का एम्फेटामाइन बरामद किया गया. पूछताछ में महिला की पहचान युगांडा के कंपाला की रहने वाली जैकलीन नामुलोंडो के रूप में हुई.

### कॉलेज छात्रों को सप्लाई किया जा रहा था ड्रग

जांच में सामने आया है कि जैकलीन जुलाई 2025 में तीन महीने के बिजनेस वीजा पर भारत आई थी. हालांकि वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी वह अवैध रूप से भारत में रह रही थी. पुलिस का दावा है कि शुरुआती जांच में वह दिल्ली के कॉलेज छात्रों और युवाओं को यह सिंथेटिक ड्रग सप्लाई करती थी. फलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद एम्फेटामाइन उसे कहां से मिलता था और उसके नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल हैं. साथ ही दिल्ली में सक्रिय अन्य ड्रग सप्लायरों से उसके संभावित संबंधों की भी जांच की जा रही है. अधिकारियों के अनुसार आरोपी का अब तक कोई आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है, लेकिन उसके मोबाइल फोन, संपर्कों और वित्तीय लेनदेन की गहन पड़ताल की जा रही है ताकि पूरे ड्रग नेटवर्क का खुलासा किया जा सके.

## App से बुकिंग और उज़्बेकिस्तान-दिल्ली की लड़कियों से देह व्यापार, बड़े सेक्स रैकेट का भंडाफोड

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**नागपुर।** पुलिस ने अंबाझरी थाना क्षेत्र में देह व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए विदेशी और दूसरे राज्यों की 5 पीड़ित महिलाओं को मुक्त कराया है. इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीन अन्य आरोपी फरार हैं. पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान सचिन माणिकराव महाजन के रूप में हुई है. कार्रवाई के दौरान उज़्बेकिस्तान की दो महिलाओं व पंजाब, दिल्ली और कोलकाता की 3 महिलाओं को मुक्त कराया गया. जांच में सामने आया कि आरोपी लॉग इन पर्सनल मीटिंग (Login Personal Meeting) नामक ऐप के माध्यम से ग्राहकों को महिलाओं की उपलब्धता कराते थे. महिलाओं को कम समय में अधिक पैसे कमाने का लालच देकर उनसे देह व्यापार कराया जाता था. सूचना के आधार पर सामाजिक सुरक्षा विभाग ने बोगस ग्राहक (डिकॉय ऑपरेशन) और पंचों की मौजूदगी में गोकुलपेठ स्थित होटल पेटल इन के सामने छापा मारा और कार्रवाई को अंजाम दिया.



### फरार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस ने मौके से करीब 5.18 लाख रुपये का माल जब्त किया. जिसमें एक स्विफ्ट डिजायर कार (कीमत लगभग ?5 लाख), एक मोबाइल फोन (?10 हजार) और ?8 हजार नकद शामिल हैं. मामले में समीर उर्फ मनीष उर्फ गगन ठाकुर, राहुल और पूजा नामक महिला सहित तीन आरोपियों की तलाश जारी है. इस संबंध में अंबाझरी पुलिस थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 143(2)(3) व अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 की धाराओं 3, 4 और 5 के तहत मामला दर्ज किया गया है. वहीं पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है

## AAP से टूटकर बनी पार्टी के पार्षद BJP में शामिल, MCD में बड़ा फेरबदल

**दिल्ली MCD में बड़ा राजनीतिक बदलाव हुआ**

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**दिल्ली।** नगर निगम की राजनीति में शुक्रवार को बड़ा बदलाव देखने को मिला. आम आदमी पार्टी से अलग हुई इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी का भारतीय जनता पार्टी में विलय हो गया. इसके साथ ही IVP के सभी 16 पार्षद भाजपा में शामिल हो गए. इस घटनाक्रम के बाद MCD में भाजपा की ताकत और बढ़ गई है. पार्टी मुख्यालय में सीएम रेखा गुप्ता और बीजेपी अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा की



मौजूदगी में सभी पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की. 250 सदस्यीय दिल्ली नगर निगम में अब भाजपा के पार्षदों की संख्या बढ़कर 139 हो गई है. वहीं आम आदमी पार्टी के पार्षदों की संख्या 123 रह गई है. साल 2022 के निगम चुनाव में भाजपा ने 104 सीटें जीती थीं. इसके बाद समय-समय पर दूसरे दलों के पार्षद पार्टी में शामिल होते गए, जिससे भाजपा की संख्या लगातार बढ़ती गई. पार्टी में शामिल हुए इन नए पार्षदों का स्वागत करते हुए सीएम रेखा गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़ी बात कही. उन्होंने साफ किया कि इन सभी लोगों ने दिल्ली के विकास को ध्यान में रखकर यह बड़ा फैसला लिया है. नए पार्षदों के आने से उनके अपने इलाकों में विकास कार्यों को तेजी मिलेगी. शहर का सुधार ही हमेशा से पहली प्राथमिकता रहा है. इस विलय से निगम के भीतर पार्टी को अतिरिक्त मजबूती मिलेगी, जिससे स्थानीय स्तर पर रुके हुए काम तेजी से पूरे हो सकेंगे. इस पूरे बदलाव की कहानी को समझाते हुए हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि करीब डेढ़ साल पहले मुकेश गोयल और हेमचंद गोयल की अगुवाई में इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी का गठन हुआ था. आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में विकास कार्यों की कमी को देखने के बाद इन पार्षदों ने अलग रास्ता चुना था. अब सभी 16 पार्षदों ने औपचारिक तौर पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है. मुकेश गोयल ने बताया कि इस हफ्ते सभी पार्षदों के बीच काफी लंबी चर्चा हुई थी. इसके बाद ही सामूहिक रूप से सत्ताधारी दल में शामिल होने का फैसला किया गया. पिछले डेढ़ साल से वे भाजपा के काम करने के तरीके को देख रहे थे. उन्हें पूरा भरोसा है कि इस फैसले से उनके वॉर्डों में जनता के रुके हुए काम तेजी से पूरे होंगे. निगम के भीतर किसी बड़े पद या राजनीतिक लाभ के सवाल पर मुकेश गोयल ने साफ किया कि पार्टी के साथ ऐसा कोई गुप्त समझौता नहीं हुआ है. उन्हें निगम में जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, वे उसे पूरी ईमानदारी से निभाएंगे. गौरतलब है कि मई 2025 में आम आदमी पार्टी के नेतृत्व से मतभेदों के बाद इन 16 पार्षदों ने अलग होकर नई पार्टी बनाई थी. यह पूरा सियासी घटनाक्रम अगले साल होने वाले निगम चुनावों से ठीक पहले सामने आया है. शुक्रवार को निगम की 12 वॉर्ड कमेटियों के चेयरमैन, डिप्टी चेयरमैन पद के चुनाव के लिए नामांकन का आखिरी दिन भी था. राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि नेता मुकेश गोयल को निगम की किसी विशेष कमेटी का अध्यक्ष बनाया जा सकता है, जबकि हेमचंद गोयल को सेंट्रल जोन से स्टैंडिंग कमेटी का सदस्य मनोनीत किया जा सकता है. हालांकि अभी तक इन पदों को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है.

## अजित पवार प्लेन क्रैश मामले की CBI जांच अभी नहीं, CM फडणवीस ने विधानसभा में बताया, AAIB की अंतिम रिपोर्ट का कर रहे इंतजार

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य विधानसभा में मॉनसून सत्र के आखिरी दिन पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान दुर्घटना में हुई मौत की जांच के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सीएम फडणवीस ने मामले की सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन से जांच कराने के सवाल का भी जवाब दिया। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि अभी जांच दो स्तरों पर की जा रही है। क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट और एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो इस काम में लगी हैं। विधानसभा में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि कई लोगों ने सवाल उठाया है कि सीबीआई जांच अभी तक इसमें शामिल क्यों नहीं है। सीबीआई को आधिकारिक तौर पर अपनी जांच शुरू करने से पहले AAIB की अंतिम रिपोर्ट की जरूरत है। पायलट सुमित कपूर को लेकर शुरुआती संदेहों पर बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सीआईडी ने उनके सभी वित्तीय रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की है। उन्होंने कहा कि पायलट से जुड़े हर बैंक खाते की जांच की गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। दुर्घटना की जांच पर तकनीकी जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने पुष्टि



की कि महत्वपूर्ण फ़्लाइट डेटा सफलतापूर्वक निकाल लिया गया है। उन्होंने कहा कि विमान के ब्लैक बॉक्स से सभी जरूरी दस्तावेज और डेटा पूरी तरह से बरामद कर लिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक शुरुआती रिपोर्ट पहले ही सौंपी जा चुकी है। आम तौर पर विमान दुर्घटनाओं की मानक जांच में तीन से चार साल लगते हैं, लेकिन राज्य ने प्रक्रिया में तेजी लाने का अनुरोध किया है। केंद्र सरकार से विशेष अनुरोध के बाद अंतिम रिपोर्ट जनवरी से पहले आने की उम्मीद है। एक बार जब यह अंतिम रिपोर्ट जारी हो जाएगी, तो इससे CBI या CID की ओर से आगे की जांच के लिए ठोस सुराग मिलेंगे। अपना बयान खत्म करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने राजनीतिक नेताओं और जनता से बिना आधार के अटकलें न लगाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें सबसे पहले यह तय करना होगा कि कानूनी तौर पर किसकी गलती है और यह आधिकारिक AAIB रिपोर्ट के बिना नहीं किया जा सकता।

## ईमानदारी की मिसाल बने प्रो. आर.के. जैन के सुपुत्र प्रतीक कुमार जैन

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**धार/राजगढ़।** वर्तमान समय में जहाँ सड़क पर मिला सामान अपने पास रख लेने की घटनाएँ अक्सर सुनने को मिलती हैं, वहीं राजगढ़ निवासी वरिष्ठ शिक्षाविद् प्रो. आर.के. जैन के सुपुत्र



प्रतीक कुमार जैन ने ईमानदारी, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं मानवीय मूल्यों का उत्कृष्ट परिचय देते हुए सड़क पर मिला एक महंगा मोबाइल फोन उसके वास्तविक स्वामी को सुरक्षित लौटाकर समाज के सामने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रतीक कुमार जैन अपने परिवार के साथ दर्शन कर लौट रहे थे। इसी दौरान मार्ग में उन्हें एक महंगे ब्रांड का मोबाइल फोन मिला। उन्होंने बिना किसी विलंब के मोबाइल को सुरक्षित अपने पास रखा तथा संबंधित पुलिस अधिकारियों को इसकी सूचना दी। मोबाइल के कॉल विवरण एवं तकनीकी जानकारी के आधार पर उसके वास्तविक स्वामी से संपर्क स्थापित किया गया। इसके पश्चात पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में मोबाइल उसके मालिक को सकुशल सुपुर्द किया गया। अपना खोया हुआ मोबाइल सुरक्षित वापस मिलने पर मोबाइल स्वामी एवं उनके परिजनों ने प्रतीक कुमार जैन की ईमानदारी, सजगता एवं सहयोगी भावना की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। क्षेत्र के नागरिकों ने भी इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे युवा समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। यह घटना सिद्ध करती है कि ईमानदारी, नैतिकता और मानवता आज भी हमारे समाज में जीवित हैं।

## 23 अगस्त को निकलेगी नगर की 18वीं पारंपरिक चुनरी यात्रा

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**नागदा ।** धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और जनकल्याण का प्रतीक नगर की 18वीं पारंपरिक चुनरी यात्रा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष 23 अगस्त 2026, रविवार पवित्रा एकादशी पर भव्य एवं आकर्षक स्वरूप में निकाली जाएगी। यात्रा को



लेकर सामाजिक समरसता मंच एवं चुनरी यात्रा आयोजन समिति की बैठक महिदपुर रोड स्थित पंकज नामदेव के प्रतिष्ठान पर आयोजित हुई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यात्रा की तैयारियों के प्रथम चरण के रूप में 12 जुलाई, रविवार को प्रातः 11 बजे पुराना बस स्टैंड से आयोजन समिति के सदस्य दिव्य कलश लेकर माँ चंबल के पावन तट पर पहुंचेंगे। यहां विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर माँ चंबल को चुनरी यात्रा का निमंत्रण अर्पित किया जाएगा। साथ ही उत्तम वर्षा, क्षेत्र की समृद्धि, किसानों की खुशहाली, उत्कृष्ट कृषि उत्पादन, आर्थिक उन्नति तथा वर्षभर पर्याप्त जलापूर्ति की मंगलकामना की जाएगी। आयोजन समिति ने बताया कि 18वें वर्ष में प्रवेश कर रही चुनरी यात्रा के अवसर पर 23 अगस्त को पवित्रा एकादशी पर भगवान शिव का वर्षा के अमृत जल से दुग्धाभिषेक एवं जलाभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात नगर में विशाल चल समारोह चुनरी यात्रा के साथ चंबल तट पहुंचकर मां चंबल का 11 लीटर दुग्ध से अभिषेक कर उन्हें श्रद्धापूर्वक 251 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की जाएगी। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता रहने की संभावना है। शीघ्र ही अगली कड़ी में सभी नगरवासी, सामाजिक संगठन, महिला संगठन, बैठक में सामाजिक समरसता मंच के संरक्षक गिरधारी सिंह शेखावत, राजेंद्र कांठेड़, गुलजारीलाल त्रिवेदी, पंकज नामदेव, गोपाल सलूजा, हरचरण सिंह चावला, भरत पाटीदार, कमलेश शुक्ला, सहित आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। जानकारी निलेश मेहता ने दी।

## शिवकुमार सिर्फ घूम रहे उनका ध्यान किसानों की समस्याओं पर नहीं : कुमारस्वामी



बेंगलुरु(एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री एवं जनता दल (सेक्युलर) के वरिष्ठ नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार पर राज्य के जल और सिंचाई संबंधी मुद्दों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री प्रगति समीक्षा और एसआईआर के नाम पर राज्यभर के दौरे तो कर रहे हैं, लेकिन किसानों और सूखा प्रभावित क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए शुक्रवार को कुमारस्वामी ने कहा, कि मुख्यमंत्री के हालिया कलबुर्गी, बीदर और बेलगावी दौरों का किसानों, खेतिहर मजदूरों और सूखे से प्रभावित परिवारों को कोई ठोस लाभ नहीं मिला। उनका आरोप था कि सरकार की प्राथमिकताओं में जनहित के बजाय राजनीतिक गतिविधियां अधिक दिखाई दे रही हैं। उन्होंने कृष्णा-गोदावरी-कावेरी नदी जोड़ो परियोजना पर मुख्यमंत्री के बयान की भी आलोचना की। कुमारस्वामी ने कहा कि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री की टिप्पणियां राज्य के जल हितों और सिंचाई व्यवस्था की पर्याप्त समझ के अभाव को दर्शाती हैं। उनका कहना था कि राज्य सरकार को जल संसाधनों के संरक्षण और किसानों की सिंचाई संबंधी आवश्यकताओं पर अधिक गंभीरता से काम करना चाहिए। हालांकि मुख्यमंत्री की ओर से इन आरोपों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# मैं न गांधी हूं, न कोई हीरो, अपने जीवन के नायक खुद बनें: सोनम वांगचुक

### 20 जुलाई को संसद तक होने वाले मार्च में शामिल होने की अपील

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शिक्षाविद् और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने लोगों से अपील की है कि वे उन्हें आधुनिक गांधी या हीरो कहना बंद करें, क्योंकि वह बस एक आम नागरिक हैं। उन्होंने लोगों को किसी और को अपना लीडर मानने के बजाय अपनी जिंदगी के खुद हीरो बनने के लिए प्रेरित किया। जंतर-मंतर पर परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के समर्थन में वांगचुक की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शनिवार को 14वें दिन में प्रवेश कर गई, जबकि सीजेपी का विरोध प्रदर्शन 22वें दिन में है।

पार्टी की ओर से जारी स्वास्थ्य अपडेट के मुताबिक, उपवास शुरू करने के बाद से वांगचुक का वजन 7.5 किलोग्राम कम हो गया है और उनका ब्लड प्रेशर 106/74 दर्ज किया गया है। एक वीडियो में वांगचुक ने कहा कि उन्हें पिछले दिन की तुलना में कम ऊर्जा महसूस हो रही है, लेकिन वे आंदोलन के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

वांगचुक ने आंदोलन का समर्थन करने के लिए लोगों का शुक्रिया अदा कर बताया कि दो तरह की टिप्पणियों ने उन्हें असहज कर दिया है। उन्होंने कहा, बहुत से लोग मुझे 21वीं सदी का गांधी या आधुनिक गांधी कहते हैं। कुछ लोग मुझे हीरो कहते हैं। ऐसी बातें सुनकर मुझे असहज महसूस होता है। मैं न गांधी हूं और न ही कोई हीरो। मैं बस एक आम नागरिक हूं जिसने अपनी जिम्मेदारियां निभाने की कोशिश की है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी और में हीरो की तलाश करने के बजाय एक नागरिक के तौर पर अपनी जिम्मेदारी निभाएं और अपनी जिंदगी के खुद हीरो बनें।

परीक्षा में कथित गड़बड़ियों की वजह से छात्रों की आत्महत्याओं का जिक्र कर वांगचुक ने लोगों से आंदोलन में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगर आप रोज यहां नहीं आ सकते, तब कम से कम एक दिन जंतर-मंतर पर हमारे साथ जुड़ें। यदि आप दिल्ली नहीं आ सकते, तब आप जहां भी हैं, वहीं उपवास रखें और अपना संदेश साझा करें। उन्होंने लोगों से 20 जुलाई को संसद तक होने वाले प्रस्तावित मार्च में शामिल होने की अपनी अपील दोहरा दी। उन्होंने कहा कि लोगों को भूखा रहने की जरूरत नहीं है, वे खाना खाकर आएं, लेकिन एक नागरिक के तौर पर जिम्मेदारी निभाएं और हमारे साथ जुड़ें।

वांगचुक ने यह भी कहा कि उपवास के शुरुआती दिनों के बाद उनकी भूख स्थिर हो गई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्हें विरोध स्थल से हटाने की कोई भी कोशिश शांतिपूर्ण विरोध करने के उनके संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन होगी, क्योंकि वे अपनी मर्जी से यहां हैं और उनकी जान को कोई खतरा नहीं है। सीजेपी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान



के इस्तीफे और उन छात्रों के परिवारों के लिए एक करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग कर रहा है जिन्होंने कथित तौर पर परीक्षा में गड़बड़ियों के कारण आत्महत्या कर ली। सीजेपी का विरोध प्रदर्शन 20 जून को शुरू हुआ था जबकि सोनम वांगचुक 28 जून को इस आंदोलन में शामिल हुए और तब से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं।

## रेप-मर्डर के आरोपी की भीड़ द्वारा हत्या माव लिंचिंग नहीं : सीएम सुवेंदु

### -विपक्ष के नेता ने घटना के पीछे साजिश का जताया संदेह, पुलिस हिंसा और उकसावे के आरोपों की जांच में जुटी

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के बारुईपुर में 12 वर्षीय बालिका से कथित दुष्कर्म और हत्या के आरोपी 26 वर्षीय इंद्रजीत मंडल की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने कहा, कि वह इस घटना को लिंचिंग नहीं मानते। उनका दावा है कि भीड़ ने पहले आरोपी की पहचान की और उसके बाद उस पर हमला किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, बालिका के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या की घटना से क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया था। इसी दौरान भीड़ ने इंद्रजीत मंडल की पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव और हिंसा फैल गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और सुरक्षा बलों को तैनात करना पड़ा। पत्रकारों से बातचीत में सीएम अधिकारी ने कहा, कि आरोपी की हत्या



सुनियोजित तरीके से कराई गई और इसके पीछे पश्चिम बंगाल को अस्थिर करने की साजिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि पुलिस उन लोगों की पहचान कर रही है, जो घटनास्थल पर मौजूद थे, साथ ही उन लोगों की भी जांच की जा रही है, जिन पर दूर से हिंसा भड़काने का संदेह है। सीएम ने दावा किया, कि इस अशांति को ऐसे लोगों ने हवा दी, जिन्हें राजनीतिक रूप से नकार दिया गया है। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि कट्टरपंथी या अतिवामपंथी तत्व भी इस घटनाक्रम में शामिल हो सकते हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 2029 के लोकसभा चुनावों तक 'वन नेशन वन इलेक्शन' हो सकता है लागू



### -जेपीसी के अध्यक्ष बोले- 99फीसदी लोगों और संगठनों ने किया इसका समर्थन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) कोशिश कर रही है कि 2029 के लोकसभा चुनावों तक 'वन नेशन वन इलेक्शन' लागू हो सके। समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी के मुताबिक अब तक चर्चा में शामिल करीब 99फीसदी नागरिक और संगठनों ने इसका समर्थन किया है। समिति ने गोवा के सीएम और कैबिनेट मंत्रियों समेत कई राज्यों के विशेषज्ञों से इस पर सलाह ली है। गोवा दौरे पर गए समिति के सदस्य और बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि बार-बार चुनाव से छोटे राज्य गोवा पर इतना प्रभाव पड़ता है, तो बड़े राज्यों और पूरे देश पर इसका असर और भी ज्यादा होगा। उन्होंने बताया कि समिति का अगला दौरा लखनऊ का होगा, जहां सीएम, विपक्ष के नेता, राजनीतिक दलों और कई विभागों के अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। जेपीसी 17 जुलाई को अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देकर संसद में पेश करेगी।

वन नेशन वन इलेक्शन से जुड़े पांच सवाल हैं जिनमें लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकायों के चुनाव अलग-अलग कराने के बजाय एक साथ कराना। जिन राज्यों का कार्यकाल 2029 के बाद भी बचा होगा, उनका क्या होगा? संविधान संशोधन के जरिए उन राज्यों के कार्यकाल को समय से पहले ही समाप्त करके 2029 के चुनावी चक्र के साथ जोड़ा जाएगा। जिनका कार्यकाल 2029 से पहले खत्म हो रहा होगा, उनका क्या होगा? वहां कुछ समय के लिए राष्ट्रपति शासन लग सकता है या फिर केवल 2029 तक के लिए चुनाव संभव। कई अनुच्छेदों में संशोधन करना होगा। संसद में दो-तिहाई बहुमत और आधे राज्यों की मंजूरी चाहिए। अगर बीच में ही कोई सरकार गिर जाए, तो क्या नियम प्रस्तावित हैं? इस नए प्रस्ताव के तहत मध्यावधि चुनाव पूरे पांच साल के लिए नहीं कराए जाएंगे, बल्कि केवल बचे हुए कार्यकाल के लिए ही कराए जाएंगे, ताकि अगला मुख्य चक्र न बिगड़े।

## विधायकों के लिए एआई प्रशिक्षण की आवश्यकता: मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

**गयाजी(एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गया में कहा कि लोकतंत्र की मजबूती जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और जवाबदेही पर निर्भर होती है। उन्होंने विधायकों को विधानसभा की कार्यवाही और संसदीय प्रक्रियाओं का अधिकतम उपयोग कर जन समस्याओं को प्रभावी ढंग से सरकार तक पहुंचाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री चौधरी ने बदलते तकनीकी दौर का उल्लेख करते हुए बिहार विधानसभा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन एंड रूरल डेवलपमेंट (बिपार्ड) में उन्होंने कहा कि विधायकों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी अपने क्षेत्र की समस्याओं, अपेक्षाओं और सुझावों को सदन के माध्यम से सरकार तक



पहुंचाना है। उन्होंने प्रश्नकाल, शून्यकाल, ध्यानाकर्षण और कटौती प्रस्ताव जैसे संसदीय उपकरणों को लोकतंत्र में जनता की आवाज को मजबूती देने के प्रभावी माध्यम बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया तेजी से बदल रही है और तकनीक का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने स्मरण कराया कि करीब 20 वर्ष पहले लोग फेसबुक जैसी तकनीकों से परिचित नहीं थे, लेकिन आज मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया हर घर तक पहुंच चुके हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में डिजिटल तकनीक के व्यापक विस्तार की सराहना की, जिसने शासन व्यवस्था और आम लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। चौधरी ने कहा कि आने वाले समय में तकनीक का प्रभाव और बढ़ेगा, इसलिए जनप्रतिनिधियों को भी इसके अनुरूप स्वयं को तैयार करना होगा।

सीएम चौधरी ने कहा कि अब दुनिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की ओर बढ़ रही है। इसके बाद बिहार विधानसभा में भी एआई पर विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित होना चाहिए, ताकि विधायक इस नई तकनीक की उपयोगिता को समझ सकें और इसका लाभ शासन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने में मिल सके। उन्होंने दोहराया कि बिहार सरकार उद्योग, सुशासन और निवेश को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है, तथा सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से विकास कार्यों को गति दी जा रही है।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी कलंक: नृपेंद्र मिश्रा; राजनीतिक घमासान जारी

### -सपा और विहिप के बीच पोस्टर वॉर

**लखनऊ (एजेंसी)।** अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के हालिया मामले पर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने गहरा दुख जताकर एक कलंक बताया है। शनिवार को उन्होंने कहा कि इस घटना से सभी को खेद है और वे खुद को छोटा महसूस कर रहे हैं, लेकिन उन्हें विश्वास है कि व्यवस्था में सुधार होगा और ऐसी घटनाएं फिर नहीं होंगी।

मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है, जिसके अध्यक्ष संभवतः एक जज है। यह समिति अपनी सिफारिशें ट्रस्ट को सौंपेगी, जिस पर आगे विचार किया जाएगा। वे रामकथा संग्रहालय में निर्माण समिति की दूसरे दिन की बैठक में भाग लेने पहुंचे थे।

इस बीच, मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। गोरखपुर में समाजवादी पार्टी के नेता उपेंद्र दत्त शुक्ला ने पोस्टर लगवाए हैं, जिन पर लिखा है-राम नाम जपना, श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाया दान अपना और रामचंद्र कह गए सिया से, ऐसा कलयुग आएगा, चोर करेगा मंदिर में चोरी, चौकीदार देखता रह जाएगा।

इसके बाद जवाब में, रायबरेली में विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री राहुल सिंह ने सपा पर पलटवार कर पोस्टर लगाए। इन पर प्रश्न उठाया गया-राम मंदिर के चंदे पर सवाल, आतंकवाद के चंदे पर खामोशी? साथ ही यह भी लिखा था कि प्रभु राम हमारी आस्था हैं, राजनीति का हथियार नहीं।

भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी



ने घटना पर अफसोस जताया। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिन लोगों ने ऐसा कृत्य किया है, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा और वे जितना ले गए हैं, उससे कहीं ज्यादा चुकाएंगे।

## शरद पवार ने की महाराष्ट्र सरकार की किसान कर्जमाफी योजना में बदलाव की तारीफ

### -एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत ने एनडीए में शामिल होने की अटकलों को अफवाह बताया

**मुंबई (एजेंसी)।** एनसीपी(एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने महाराष्ट्र सरकार की किसान कर्जमाफी योजना में हुए बदलाव की तारीफ की। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से लाखों किसानों को फायदा मिलेगा। पवार ने सीएम फडणवीस को धन्यवाद भी कहा। शरद पवार की पार्टी एनसीपी के एनडीए में शामिल होने या कांग्रेस में विलय की अटकलें भी चल रही हैं। हालांकि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे ने इन्हें अफवाह बताया है। सूत्रों के मुताबिक शरद पवार की पार्टी के नेता एनडीए में शामिल के पक्ष में नहीं हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन अटकलों को उस समय और बल मिला, जब शरद पवार ने महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद पर 8 जुलाई को



मुंबई में विधानभवन में बैठक हुई थी। इसके बाद पवार ने डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के कमरे में अपनी पार्टी के विधायकों से मुलाकात की। शरद पवार ने कहा कि राज्य सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं और कृषि उपज के दामों में गिरावट को देखते हुए कर्जमाफी योजना की घोषणा की थी। हालांकि, योजना में शुरू में कुछ ऐसी शर्तें रखी गई थीं, जिनसे बड़ी संख्या में किसानों को लाभ नहीं मिल पाता।

उन्होंने कहा कि पहले 2019 की महात्मा ज्योतिराव फुले किसान कर्जमाफी योजना का लाभ लेने वाले किसानों के लिए अधिकतम 50 हजार रुपए तक की ही राहत का प्रावधान था। इसके अलावा, नियमित रूप से कर्ज चुकाने वाले किसानों के लिए 2025-26 और 2026-27 के फसल ऋण का भुगतान करना अनिवार्य किया गया था। शरद पवार ने कहा कि इन दोनों शर्तों के कारण लाखों किसान योजना के दायरे से बाहर हो जाते हैं। उन्होंने सीएम देवेंद्र फडणवीस सरकार का इन शर्तों को वापस लेने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि यह फैसला राज्य के किसानों की भावनाओं के अनुरूप है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की स्थापना 10 जून 1999 को शरद पवार, पीए संगमा और तारिक अनवर ने की थी। तीनों नेताओं ने सोनिया गांधी के विदेशी मूल का मुद्दा उठाते हुए पार्टी नेतृत्व पर सवाल खड़े किए थे। कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया। इसके बाद तीनों ने एनसीपी का गठन किया।

## भाजपा ने बदला उम्मीदवार, रोहिणी का तीखा तंज... अपना दूल्हा तय नहीं कर पा रहे

**पटना(एजेंसी)।** पटना में बांकीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बड़ा झटका लगा है, जहां नामांकन के अगले ही दिन अपना उम्मीदवार बदल दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के राज्यसभा जाने से खाली हुई सीट के लिए पहले घोषित प्रत्याशी अभिषेक सिन्हा ने नाम वापस लेने की घोषणा की है, इसके बाद पार्टी ने नीरज सिन्हा को नया उम्मीदवार बनाया है। इस अप्रत्याशित बदलाव पर राजद नेता और पूर्व सीएम लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने भाजपा पर तीखा तंज कसते हुए पूछा है कि, जो पार्टी नामांकन खत्म होने के तीन दिन पहले तक अपना दूल्हा तय नहीं कर पा रही, वह क्षेत्र का भविष्य क्या खाक तय करेगी?

अभिषेक सिन्हा ने नाम वापसी के लिए पारिवारिक कारणों का हवाला दिया है, और उन्होंने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष को लिखे पत्र में कार्यकर्ता के तौर पर सेवा करने की बात कही है। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक, अभिषेक के नामांकन पत्र में परिवार और शिक्षा से संबंधित जानकारी में कथित गड़बड़ियों के चलते भाजपा ने अपना प्रत्याशी बदला है। पार्टी को आशंका थी कि इन अनियमितताओं के कारण अभिषेक का नामांकन रद्द हो सकता था। वहीं रोहिणी आचार्य ने अंतिम वक्त का बदलाव नहीं, बल्कि चुनावी डर का सबसे बड़ा सबूत बताकर कहा कि यह दिखाता है कि बीजेपी को ये आभास हो गया है कि बांकीपुर में जमीन खिसकने वाली है। इस घटनाक्रम को जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर (पीके) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) जैसे विपक्षी दल चुनाव में एक बड़ा मुद्दा बना सकते हैं। बांकीपुर सीट पर 30 जुलाई को मतदान होगा और मतगणना 3 अगस्त को निर्धारित है। नए उम्मीदवार सिन्हा 20 साल से भाजपा से जुड़े हैं और नवीन के करीबी हैं। वह फिलहाल मंडल अध्यक्ष हैं। अभिषेक सिन्हा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित एनडीए के कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया था। गुरुवार को ही राजद प्रत्याशी रेखा गुप्ता ने भी अपना नॉमिनेशन भरा था। नामांकन की प्रक्रिया 13 जुलाई तक चलेगी, और नए भाजपा उम्मीदवार नीरज सिन्हा के साथ-साथ प्रशांत किशोर भी नामांकन के आखिरी दिन अपना पर्चा भरने वाले हैं। बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने सिन्हा के परिवारिक कारणों से नाम वापसी और नीरज सिन्हा को नया प्रत्याशी बनाए जाने की पुष्टि की है।

## गिरफ्तारी के आधार पर पद छीनना लोकतंत्र के लिए खतरनाक

### -30 दिन न्यायिक हिरासत पर पद से हटाने वाले प्रस्तावित प्रावधान पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने उठाए सवाल

### -संविधान संशोधन विधेयक अभी संयुक्त संसदीय समिति के विचाराधीन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक मामलों में लगातार 30 दिन तक न्यायिक हिरासत में रहने पर पद से हटाने के प्रस्तावित संवैधानिक प्रावधान का विरोध करते हुए इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक बताया है। उन्होंने कहा कि केवल गिरफ्तारी के आधार पर किसी निर्वाचित जनप्रतिनिधि को पद से हटाने का प्रावधान लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर सकता है।

प्रस्तावित संविधान संशोधन विधेयक पर प्रतिक्रिया देते हुए मसूद ने कहा कि जब तक किसी व्यक्ति को अदालत दोषी नहीं ठहराती, तब तक केवल गिरफ्तारी के आधार पर उसे पद से हटाना न्यायसंगत नहीं माना जा सकता। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि किसी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाए और इसी आधार पर उसका पद समाप्त हो जाए, तो कानून और न्यायिक प्रक्रिया का महत्व क्या रह जाएगा।

कांग्रेस सांसद ने यह भी पूछा कि क्या ऐसे प्रावधानों के तहत प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को भी इसी प्रक्रिया का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में ऐसे कदम अत्यंत सावधानी से उठाए जाने चाहिए और तब तक नहीं अपनाए जाने चाहिए, जब तक सभी अन्य संवैधानिक विकल्प समाप्त न हो जाएं।

गौरतलब है कि संविधान (130वां संशोधन) विधेयक अगस्त 2025 में लोकसभा में पेश किया गया था। प्रस्तावित विधेयक के अनुसार यदि प्रधानमंत्री, किसी राज्य के मुख्यमंत्री या केंद्र अथवा राज्य सरकार के किसी मंत्री को किसी गंभीर आपराधिक मामले में गिरफ्तार किया जाता है और वह लगातार 30 दिनों तक न्यायिक हिरासत में रहता है, तो 31वें दिन उसे स्वतः पद से हटाने का प्रावधान होगा। वर्तमान में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत किसी जनप्रतिनिधि की अयोग्यता सामान्यतः अदालत द्वारा दोषसिद्धि के बाद लागू होती है। सरकार का तर्क है कि प्रस्तावित संशोधन का उद्देश्य गिरफ्तारी और दोषसिद्धि के बीच की अवधि के लिए स्पष्ट कानूनी व्यवस्था बनाना, जेल से शासन चलाने जैसी परिस्थितियों को रोकना तथा संवैधानिक पदों की गरिमा बनाए रखना है। यह विधेयक फिलहाल संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के विचाराधीन है और अभी कानून नहीं बना है। भारतीय जनता पार्टी ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए इसे राजनीति के अपराधीकरण पर अंकुश लगाने और लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखने की दिशा में आवश्यक सुधार बताया है। वहीं विपक्ष के कुछ नेताओं ने इसके संभावित दुरुपयोग की आशंका जताई है।



# वैश्विक कमजोरी और ईरान-अमेरिका तनाव से डगमगाया शेयर बाजार

## मॉनसून की उम्मीदें और विदेशी निवेशकों की खरीदारी से बढ़ा मनोबल



**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता सप्ताह किसी रोलरकोस्टर राइड से कम नहीं रहा, जो वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और मजबूत घरेलू संकेतों के बीच झूलता रहा। सप्ताह की शुरुआत शानदार तेजी से हुई, लेकिन बुधवार को एक बड़े भूचाल ने निवेशकों को हिला दिया। हालांकि, बाजार ने हार नहीं मानी और सप्ताह के अंत तक जोरदार वापसी करते हुए निवेशकों को कुछ राहत दी।

सप्ताह की शुरुआत सोमवार को जोरदार बढ़त के साथ हुई, जब मॉनसून की उम्मीदें और विदेशी संस्थागत निवेशकों की खरीदारी से निवेशकों का मनोबल बढ़ा। सेंसेक्स 521 अंक और निफ्टी 24,400 के पार बंद हुआ, हालांकि व्यापक बाजार का रुझान नकारात्मक था, जो चुनिंदा शेयरों तक ही तेजी सीमित होने का संकेत था। मंगलवार को शुरुआती तेजी के बाद बाजार में हल्की कमजोरी दिखी और दोनों सूचकांक मामूली गिरावट के साथ बंद हुए, जिससे चार दिनों की बढ़त का सिलसिला टूट गया। सप्ताह का सबसे बड़ा झटका बुधवार को लगा, जब वैश्विक बाजारों में कमजोरी, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ने से भारतीय बाजार में भारी बिकवाली हुई। सेंसेक्स 1,677 अंक और निफ्टी 581 अंक लुढ़ककर 23,900 के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे बंद हुआ। इस ब्लैक डे पर निवेशकों के 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूब गए, जिससे बीएसई का कुल मार्केट कैप घटकर 472 लाख करोड़ रुपये पर आ गया। हालांकि बाजार ने गुरुवार को शुरुआती रिकवरी दर्ज की, जिससे निवेशकों को थोड़ी राहत मिली। सेंसेक्स 238 अंक और निफ्टी 80 अंक से अधिक बढ़कर बंद हुए। सप्ताह का अंत शुक्रवार को जोरदार तेजी के साथ हुआ, जिसने निवेशकों को गदगद कर दिया।

सेंसेक्स 827 अंक और निफ्टी 244 अंक बढ़कर बंद हुए। इस तेजी के साथ सेंसेक्स 77,569.39 और निफ्टी 24,206.90 के स्तर पर पहुंच गए। कुल मिलाकर यह सप्ताह भू-राजनीतिक उथल-पुथल के कारण अत्यधिक अस्थिर रहा, लेकिन घरेलू कारकों और मजबूत खरीदारी के दम पर बाजार ने बुधवार के बड़े झटके से उबरने की उल्लेखनीय क्षमता दिखाई।

## पेट्रोल में एथनॉल के मिश्रण से 1.90 लाख करोड़ की विदेशी मुद्रा बचीः सरकार

**नई दिल्ली ।**

सरकार ने पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण (ईबीपी) कार्यक्रम का बचाव करते हुए कहा कि इससे चीनी उद्योग को मजबूती मिली है, किसानों की आय बढ़ी है और 2014-15 से अब तक 1.90 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है। खाद्य मंत्रालय के एक अ धिकारी ने अनाज एथनॉल विनिर्माता संघ (जीईएमए) के सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम से कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटी है और लगभग 930 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आई है। उन्होंने कहा कि एथनॉल कृषि अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा बन गया है, जिससे किसानों की आय बढ़ी, गन्ना किसानों को समय पर भुगतान मिला और चीनी उद्योग सशक्त हुआ। उत्पादन क्षमता 21 करोड़ से बढ़कर 2,000 करोड़ लीटर हो गई है, जिसमें मक्का भी प्रमुख कच्चा माल बनकर उभरा है।

## एप्पल ने ओपनएआई पर ठोका ट्रेड सीक्रेट चोरी का मुकदमा

### पूर्व कर्मचारियों के जरिए गोपनीय डेटा चुराने में मदद का आरोप

**मुंबई।**

दुनिया की दो दिग्गज टेक कंपनियों एप्पल और चैटजीपीटी बनाने वाली ओपनएआई के बीच गोपनीय जानकारी को लेकर छिड़ा विवाद अब कानूनी लड़ाई में बदल गया है। एप्पल ने अमेरिका की एक अदालत में ओपनएआई और अपने दो पूर्व कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। आरोप है कि एप्पल की गोपनीय हार्डवेयर जानकारी और ट्रेड सीक्रेटका उपयोग कर ओपनएआई अपने एआई हार्डवेयर बिजनेस को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, ओपनएआई ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। एप्पल का दावा है कि उसके पूर्व कर्मचारियों ने कंपनी छोड़ने के बाद या उससे पहले गोपनीय दस्तावेजों और तकनीकीजानकारी तक अनधिकृत पहुंच बनाई, संवेदनशील फाइलें डाउनलोड या ट्रांसफर कीं।

कंपनी का आरोप है कि इस जानकारी का उपयोग भविष्य के एआई-आधारित डिवाइस बनाने में किया जा सकता है। मुकदमे में, एप्पल ने एक कर्मचारी पर नौकरी छोड़ने के बाद भी नेटवर्क से गोपनीय हार्डवेयर फाइलें डाउनलोड करने और दूसरे पर इस्तीफा देने से पहले सप्लायर नेटवर्क की जानकारी निजी ईमेल पर भेजने का आरोप लगाया है। विशेषज्ञों के अनुसार यह मामला सिर्फ गोपनीय जानकारी तक सीमित नहीं, बल्कि भविष्य के एआई हार्डवेयर बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा से भी जुड़ा है। रिपोर्ट है कि ओपनएआई ऐसे एआई डिवाइस पर काम कर रहा है जो पारंपरिक स्मार्टफोन पर निर्भरता कम कर सकते हैं, जिससे आईफोन को कड़ी चुनौती मिल सकती है।

ओपनएआई ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि उसका ध्यान केवल ऐसी नई तकनीक विकसित करने पर है जो दुनिया भर के लोगों को लाभ पहुंचाए।

## सेबी ने म्यूचुअल फंड के लिए इंट्राडे उधारी के नियम बदले

### 1 सितंबर से मिलेगी अधिक सहूलियत

**नई दिल्ली ।**

बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड उद्योग के लिए एक बड़ा कदम उठाया है, जिसने कारोबारी सत्र के दौरान ली जाने वाली 'इंट्राडे' उधारी के दायरे का विस्तार किया है। यह बदलाव म्यूचुअल फंड योजनाओं के संचालन में अधिक लचीलापन और दक्षता लाएगा, और नए नियम 1 सितंबर से प्रभावी होंगे। इससे पहले म्यूचुअल फंड को केवल अस्थायी नकदी जरूरतों को पूरा करने के लिए उधार लेने की अनुमति थी, और वह भी कड़ी नियामकीय सीमाओं के तहत। सेबी द्वारा शुक्रवार को जारी संशोधित ढांचे के तहत, अब परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां (एएमसी) इस उधारी का इस्तेमाल निवेश के भुगतान, रोजाना के नफा-नुकसान समायोजन, विदेशी लेनदेन निपटान और पुराने कर्ज चुकाने जैसे विभिन्न कार्यों के लिए भी कर सकेंगी। नियामक का मानना है कि यह कदम विभिन्न बाजारों के अलग-अलग निपटान समय के कारण उत्पन्न होने वाले नकदी असंतुलन को प्रभावी ढंग से दूर करेगा।

## पोस्ट ऑफिस आरडी योजना, छोटे निवेश से बनाएं लाखों का बड़ा फंड

### 100 से शुरू करें मासिक बचत, 6.7 फीसदी ब्याज के साथ पाएं लोन सुविधा

**नई दिल्ली ।**

आज के समय में सुरक्षित निवेश और आकर्षक रिटर्न की तलाश हर किसी को होती है। ऐसे में भारतीय डाकघर की रिकरिंग डिपॉजिट (आरडी) स्कीम आम नागरिकों के लिए एक विश्वसनीय और बेहतरीन विकल्प बनकर उभरी है। यह सरकारी छोटी बचत योजना कम जोखिम पर भविष्य के लिए एक मजबूत फंड तैयार करने का सुनहरा अवसर प्रदान करती है। आप इस योजना में न्यूनतम 100 प्रति माह से निवेश शुरू कर सकते हैं, जबकि अधिकतम निवेश की कोई सीमा नहीं है। वर्तमान में इस पर 6.7 फीसदी सालाना ब्याज दिया जा रहा है, हालांकि छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरें तिमाही आधार पर संशोधित की जाती हैं। इसकी मूल परिपक्वता अवधि 5 साल है, जिसे निवेशक अपनी सुविधा अनुसार अगले 5 साल के लिए बढ़ा सकते हैं। खास बात यह है कि एक साल तक नियमित जमा के बाद जमा राशि के 50 फीसदी तक लोन की सुविधा भी मिलती है। जरूरत पड़ने पर तीन साल बाद समय से पहले खाता बंद करने का विकल्प भी उपलब्ध है, हालांकि ऐसे में ब्याज दर बदल जाती है। यह योजना हर वर्ग के लिए सुलभ है,




जहां नाबालिगों के लिए अभिभावक द्वारा और संयुक्त खाते की सुविधा भी है। उदाहरण के लिए यदि कोई व्यक्ति हर महीने 9500 रुपए जमा करता है, तो 5 साल में उसे लगभग 6.77 लाख रुपए (जिसमें 1.07 लाख ब्याज होगा) मिलेंगे। इसे 10 साल तक जारी रखने पर कुल रकम लगभग 16.23 लाख रुपए तक पहुंच सकती है, जिसमें 4.83 लाख रुपए ब्याज के रूप में होंगे।

## इक्विटी टी म्यूचुअल फंड्स बने निवेशकों की पहली पसंद

### कुल एयूएम रिकॉर्ड स्तर पर; डेट फंड्स से निकासी जारी

**नई दिल्ली ।**

शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय निवेशकों का भरोसा म्यूचुअल फंड्स पर लगातार मजबूत हो रहा है। जून 2024 में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में रिकॉर्ड 28,973 करोड़ रुपये का भारी-भरकम निवेश आया, जो मई के 22,907 करोड़ रुपये से 26 फीसदी अधिक है। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) द्वारा जारी आंकड़ों में सामने आई है। इस रिकॉर्ड निवेश के साथ भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग का कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) (30 जून तक 82,22,480.04 करोड़ रुपए के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। एएमएफआई डेटा के अनुसार मिडकैप और




स्मॉलकैप फंड्स निवेशकों की पहली पसंद बने हुए हैं। मिडकैप फंड्स में सर्वाधिक 6,090 करोड़ रुपए का निवेश हुआ, इसके बाद स्मॉलकैप फंड्स में 5,602 करोड़ रुपए और फ्लेक्सी कैप फंड्स में 5,231 करोड़ रुपए का निवेश आया। मल्टीकैप और लार्जकैप फंड्स ने भी क्रमशः 3,070 करोड़ और 2,067 करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित किया। हालांकि, एक तरफ जहां इक्विटी म्यूचुअल फंड्स निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं, वहीं डेट म्यूचुअल फंड्स से निकासी का सिलसिला जारी है।

## एक्साइड इंडस्ट्रीज को बेंगलुरु प्लांट से तीसरी तिमाही में राजस्व की उम्मीद

### प्रोजेक्ट पर 4,802 करोड़ खर्च कर चुकी है कंपनी

**नई दिल्ली ।**

एक्साइड इंडस्ट्रीज को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही से उसके बेंगलुरु स्थित लिथियम-आयन सेल विनिर्माण संयंत्र से राजस्व आना शुरू हो जाएगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अ धिकारी ने हाल ही में वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के बाद मीडिया से बातचीत में यह जानकारी दी। कंपनी ने इस परियोजना पर अब तक लगभग 4,802 करोड़ रुपये का निवेश किया है और चालू वित्त वर्ष में 1,400 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करने की योजना है, जिससे कुल निवेश 6,202 करोड़ रुपये हो जाएगा। रॉय ने शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि लिथियम-आयन व्यवसाय को चालू करना और उसका विस्तार करना कंपनी की पहली प्राथमिकता है, जिसे इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बढ़ती मांग से बल मिल रहा है। कंपनी 6 गीगावॉट प्रति घंटे की क्षमता के साथ आगे बढ़ रही है और इसे 12 जीडब्ल्यूएच तक बढ़ाने की योजना, ताकि भारत के ऊर्जा बदलाव का 2030 तक लाभ उठाया जा सके। मोबिलिटी और स्टेशनरी स्टोरेज एप्लीकेशन के लिए चुनिंदा मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) और अन्य ग्राहकों के साथ बातचीत में




अच्छी प्रगति हुई है। कंपनी के प्रांतिज (गुजरात) संयंत्र के जरिये इसके मॉड्यूल और पैक का कारोबार भी परिचालनगत मौजूदगी दर्ज कर चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि कंपनी अपने प्रमुख लेड-एसिड बैटरी कारोबार को भी संरक्षित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने इस बाजार को 45,000 करोड़ रुपये का बताते हुए कहा कि अगले पांच वर्षों में इसके 55,000 करोड़ रुपये तक बढ़ने की उम्मीद है, जिससे इसमें भी वृद्धि की राह बनी रहेगी।

## महिला श्रम भागीदारी की राह में रोजगार की कमी सबसे बड़ी बाधाः ईएसी-पीएम अध्यक्ष



**नई दिल्ली ।**

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के अध्यक्ष एस. महेंद्र देव ने कहा है कि भारत में महिलाओं की श्रम भागीदारी बढ़ाने में अब सामाजिक सोच और परंपरागत मान्यताओं से कहीं अधिक बड़ी समस्या पर्याप्त रोजगार के अवसरों की कमी बन गई है। नई दिल्ली में एक संगोष्ठी में उन्होंने बताया कि शिक्षित महिलाओं में अधिक बेरोजगारी और श्रम-प्रधान क्षेत्रों में पर्याप्त नौकरी सृजन न होना इस बात का प्रमाण है कि चुनौती अब रोजगार की मांग से जुड़ी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मेरा मानना है कि महिलाओं के रोजगार में सबसे बड़ी बाधा नौकरियों की कमी है। यदि उपयुक्त रोजगार उपलब्ध होंगे, तो वे निश्चित रूप से कार्यबल में शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि शिक्षित महिलाओं में लगभग 40 प्रतिशत बेरोजगारी भी इसी समस्या को उजागर करती है। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, महिलाओं की बढ़ती श्रम भागीदारी समावेशी और दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि अवैतनिक कार्यों को शामिल करने पर महिलाएं पुरुषों से अधिक काम करती हैं, जिसका मौद्रिक मूल्य देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 10 प्रतिशत हो सकता है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के हालिया आंकड़ों के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं की श्रम बल भागीदारी दर लगभग 40 प्रतिशत है।

## भारत का लक्ष्य, 2030 तक 150 अरब डॉलर का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात

### नीतिगत स्थिरता और एमएसएमई का वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकरण महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली ।**

भारत सरकार ने वर्ष 2030 तक 150 अरब डॉलर (लगभग 12.5 लाख करोड़ रुपये) के महत्वाकांक्षी इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपनी रणनीति को अंतिम रूप देने हेतु उद्योग जगत के साथ एक चिंतन शिविर का आयोजन किया। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग तेज़ी से वैश्विक मूल्य शृंखलाओं पर निर्भर है। उन्होंने भारत की नीतिगत व्यवस्था में स्थिरता और स्पष्टता की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि देश इन मूल्य शृंखलाओं में अपनी भागीदारी बढ़ा सके। अग्रवाल ने सुझाव दिया कि घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने वाली नीतियां और निर्यात-आधारित विनिर्माण को प्रोत्साहित करने वाली नीतियां अलग-अलग हो सकती हैं। चिंतन शिविर में वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापार में लगभग 90 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाली मूल्य शृंखलाओं में सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों को शामिल करने पर विशेष जोर दिया गया। इससे एमएसएमई बड़ी विनिर्माण कंपनियों के प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में विकसित हो सकेंगे। इस रचनात्मक संवाद में वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारियों के अलावा केंद्र व राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों, उद्योग प्रतिनिधियों और निर्यात संवर्धन परिषदों के सदस्यों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य सभी हितधारकों के लिए संतुलित और व्यावहारिक नीतिगत सिफारिशें तैयार करना था।

## पारदर्शिता से बढ़ेगा रियल एस्टेट निवेश यूपी रेरा

### यूपी में परियोजनाओं के बड़े आकार के कारण 40 फीसदी उपभोक्ता शिकायतें

**नई दिल्ली ।**

यूपी-रेरा के एक अ धिकारी ने भारतीय रियल एस्टेट बाजार में पूर्ण पारदर्शिता की वकालत करते हुए कहा है कि इससे विकास कार्यों के लिए आवश्यक निवेश आकर्षित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने शुक्रवार को यह बात कही। एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि रेरा का उद्देश्य नियमन है, नियंत्रण नहीं, बल्कि घर खरीदारों और परियोजना प्रवर्तकों के हितों में संतुलन साधना है। उन्होंने देश में तेजी से बढ़ते शहरीकरण और आवासीय व वाणिज्यिक संपत्तियों की बढ़ती मांग का जिक्र करते हुए सभी हितधारकों से इस क्षेत्र के विकास को सुनिश्चित करने का आग्रह किया। अ धिकारी ने रियल एस्टेट उद्योग संगठनों से क्षेत्र में हर स्तर पर पारदर्शिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 8-9 प्रतिशत का योगदान देता है और 125 से अधिक सहायक उद्योगों को सहारा देता है। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के विकास के लिए निवेश का प्रवाह जारी रहना चाहिए, जिसमें नियामक प्राधिकरण की भूमिका भी अहम है। उत्तर प्रदेश की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राज्य में 308 परियोजनाएं रेरा के तहत पंजीकृत हैं, जिनका औसत आकार 333 इकाइयों का है। परियोजनाओं के बड़े आकार के कारण, राष्ट्रीय स्तर पर कुल रेरा उपभोक्ता शिकायतों में उत्तर प्रदेश का हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत है। उन्होंने प्रवर्तकों, एजेंटों और घर खरीदारों सहित सभी संबंधित पक्षों की मदद से हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

## एसबीआई फंड्स आईपीओ से पहले बड़ा खुलासा, 30 साल पुराने दस्तावेज़ गायब

### कंपनी ने प्रोस्पेक्टस में माना, 11,693 करोड़ के आईपीओ पर गहराया संदेह

**नई दिल्ली।**

देश की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड का बहुप्रतीक्षित आईपीओ इस हफ्ते बाजार में दस्तक देने वाला है। हालांकि, इश्यू से ठीक पहले कंपनी ने अपने रेड हेयरिंग प्रोस्पेक्टस में एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। कंपनी ने स्वीकार किया है कि उसके कुछ बेहद महत्वपूर्ण और लगभग तीन दशक पुराने रिकॉर्ड्स और दस्तावेज गायब हो गए हैं, जिन्हें वह लाख कोशिशों के बाद भी खोज नहीं पा रही है। गायब हुए दस्तावेज़ करीब तीन दशक पुराने हैं, जिनमें 30 जून, 1992 के अतिरिक्त इश्यू और 7 नवंबर, 1997 के राइट्स इश्यू से जुड़े ऑफर और अलॉटमेंट लेटर शामिल हैं। कंपनी ने इन दस्तावेजों को खोजने के लिए एक स्वतंत्र कंपनी सेक्रेटरी फर्म को भी लगाया, जिसने रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी), एमसीए पोर्टल्स और कंपनी के रजिस्टर्ड ऑफिस में गहन तलाशी ली, लेकिन रिकॉर्ड्स का पता नहीं चल सका। आरएचपी में कंपनी ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल इन गायब दस्तावेजों को लेकर उसके खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही या पेनल्टी नहीं चल रही है। हालांकि, कंपनी यह आश्वासन नहीं दे सकती कि भविष्य में गुम दस्तावेजों के संबंध में उसके विरुद्ध कोई कानूनी या नियामकीय कार्रवाई शुरू नहीं की जाएगी। ऐसी स्थिति में, कंपनी पर संभावित जुर्माना या नुकसान का सटीक आकलन अभी नहीं किया जा सकता, जिससे उसकी वित्तीय स्थिति और बाजार में प्रतिष्ठा पर गंभीर असर पड़ सकता है। यह 14 से 16 जुलाई तक खुलने वाले 11,693 करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए चिंता का विषय बन गया है।

## होम लोन में सिर्फ ईएमआई नहीं, कुल ब्याज पर करें फोकस

**नई दिल्ली ।**



घर खरीदना हर किसी का सपना होता है, लेकिन अक्सर लोग होम लोन लेते समय सिर्फ मासिक ईएमआई पर ध्यान देते हैं। यह जल्दबाजी बाद में महंगी साबित हो सकती है, क्योंकि बैंक को चुकाई जाने वाली कुल रकम आपकी उम्मीद से कहीं ज्यादा हो सकती है। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि सिर्फ ईएमआई नहीं, बल्कि कुल ब्याज और लोन की अवधि को ध्यान में रखकर ही होम लोन का फैसला लेना चाहिए। चार्टर्ड अकाउंटेंट नितिन कौशिक बताते हैं कि 8.5त्न ब्याज दर पर 20 साल के लिए 50 लाख रुपये का होम लोन लेने पर मासिक ईएमआई भले ही करीब 43,390 रुपये लगे, लेकिन कुल चुकाई गई रकम 1.04 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है, जिसमें 54 लाख रुपये सिर्फ ब्याज होगा।

इसका मतलब है कि आप जितनी रकम उधार लेते हैं, लगभग उतनी ही ब्याज के रूप में चुकानी पड़ती है। शुरुआती सालों में ईएमआई का बड़ा हिस्सा ब्याज चुकाने में जाता है, जिससे मूलधन धीरे-धीरे कम होता है। लाखों रुपये का ब्याज बचाने और लोन जल्दी खत्म करने के लिए प्री-पेमेंट एक प्रभावी तरीका है। यदि हर साल एक अतिरिक्त ईएमआई चुकाई जाए, तो 20 साल का लोन करीब 5 साल पहले खत्म हो सकता है और लगभग 13 लाख रुपये का ब्याज बच सकता है। इसी तरह, आय बढ़ने पर हर साल ईएमआई में 5 फीसदी की बढ़ोतरी करने से 20 साल का लोन 12 साल में चुकाया जा सकता है। विशेषज्ञ यह भी सलाह देते हैं कि 8.5 फीसदी या अधिक ब्याज दर वाले होम लोन की तुलना में निवेश से लगातार बेहतर रिटर्न कमाना मुश्किल है, इसलिए प्री-पेमेंट निश्चित बचत प्रदान करती है।



# किट्स की मदद से कलाकारी

डिफरेंट आर्ट वर्क के लिए अलग-अलग तरह के किट मार्केट में मौजूद हैं, बच्चे अपने आर्ट वर्क को देखते हुए इन्हें सिलेक्ट कर सकते हैं। आर्ट एंड क्राफ्ट की फील्ड में जितनी वैरायटी आ गई है, अब उतने ही वेरिएशन उनके किट्स में भी आ चुके हैं। डिफरेंट आर्ट वर्क के लिए अब अलग-अलग तरह के किट मार्केट में मौजूद हैं, बच्चे अपने आर्ट वर्क को ध्यान में रखते हुए इन्हें सिलेक्ट कर सकते हैं।

## इको क्राफ्ट किट

यदि बच्चे कुछ पॉजिटिव आर्ट वर्क करना चाहते हैं, तो उनके लिए इको क्राफ्ट जैसे ऑप्शन बेहतर होंगे। इसमें रीसाइकल पेपर से लेकर वुडन बटन्स तक रहते हैं, जिसकी मदद से अर्थ फ्रेंडली क्राफ्ट बच्चे तैयार कर सकते हैं।

## कलाइडोस्कोप के लिए मटेरियल

कलाइडोस्कोप बनाने के लिए अब तुम्हें अलग-अलग चीजें ढूंढने की जरूरत नहीं। इसके लिए भी किट मौजूद है, जिसकी मदद से तुम अपना मनपसंद कलाइडोस्कोप तैयार कर सकते हो। कुछ किट्स में तो 12 कलाइडोस्कोप बनाने तक के मटेरियल रहते हैं।

## क्राफ्ट के लिए और भी जरूरी हैं कई चीजें

पेंट : इन्हें तुम पेंटब्रश, स्टिक्स, मार्बल, बबल या फिंगर की मदद से यूज कर सकते हो।
**वुडन स्टिक** : पपेट्स, स्टिक बिल्डिंग और आर्टिफिशियल फ्लावर्स बनाने में बड़े काम के साबित होते हैं।
**बीड्स** : होममेड ज्वैलरी के लिए या डेकोरेशन के लिए बीड्स का इस्तेमाल कर सकते हो।
**किड्स फ्रेंडली सीजर** : अब ऐसे सीजर्स अवेलेबल हैं, जिससे बच्चों को चोट लगने का खतरा कम रहता है।

## कुछ चीजें हैं आस-पास

आर्ट एंड क्राफ्ट में यूज होने वाली कुछ ऐसी चीजें भी होती हैं जो तुम्हारे घर में वेस्ट के रूप में रहती हैं लेकिन तुम इन्हें अपने आर्ट वर्क को और बेहतर बनाने के लिए प्रयोग में ला सकते हो, जैसे :

- खाली टॉयलेट पेपर रोल
- खाली टिशू बॉक्स
- शूज बॉक्सेस
- प्लास्टिक कप्स
- दवाइयों की खाली शीशी
- बेकार बटन्स
- बबल रैप
- पेपर बैग
- किचन स्पोंज



# इस कुएं में मौजूद है 30 किलोमीटर लंबी खुफिया सुरंग

पूरी दुनिया में तमाम ऐसे रहस्य हैं जिनके बारे में इंसान आज तक पता नहीं लगा पाया.इनमें से बहुत से रहस्य तो हमारे ही देश में मौजूद है जो आज भी लोगों को आश्चर्य में डाल देते हैं.आज हम आपको एक ऐसे ही रहस्य के बारे में बताने जा रहे हैं.बता दें कि पुराने जमाने में राजा-महाराजा अक्सर अपने राज्य में जगह-जगह कुआं खुदवाते रहते थे.जिससे जनता के लिए पानी की कमी न हो.उस जमाने में हर स्थान पर तमाम कुएं मिल जाया करते थे.जिनके अवशेष आज भी पाए जाते हैं.आज हम आपको एक ऐसे ही कुएं के बारे में बताने जा रहे हैं जिसके बारे में कहा जाता है कि इसमें एक खुफियाय सुरंग बनाई गई थी.
इस कुएं को 'रानी की बावड़ी' के नाम से जाना जाता है.दरअसल, बावड़ी का मतलब सीढ़ीदार कुआं होता है.'रानी की बावड़ी' का इतिहास 900 साल से भी ज्यादा पुराना है.अब इस बावड़ी को देखने के लिए हजारों पर्यटक हर साल यहां पहुंचते हैं.साल 2014 में यूनेस्को ने इसे विश्व विरासत स्थल घोषित किया था. ये बावड़ी गुजरात के पाटण में स्थित है जिसे रानी की वाव भी कहा जाता है. कहते हैं कि रानी की वाव यानी बावड़ी का निर्माण 1063 ईस्वी में सोलंकी राजवंश के राजा भीमदेव प्रथम की स्मृति में उनकी पत्नी रानी उदयामति ने करवाया था.रानी उदयमति जूनागढ़ के चूड़ासमा शासक रा खेंगार की पुत्री थीं.
रानी की वाव 64 मीटर लंबी, 20 मीटर चौड़ी और 27 मीटर गहरी है.यह भारत में अपनी तरह का सबसे अनोखी वाव है. इसकी दीवारों और स्तंभों पर बहुत सी कलाकृतियां और मूर्तियों की शानदार नक्काशी की गई है.इनमें से अधिकांश नक्काशियां भगवान राम, वामन, नरसिम्हा, महिषासुरमर्दिनी, कल्कि आदि जैसे अवतारों के विभिन्न रूपों में भगवान विष्णु को समर्पित हैं.ये बावड़ी सात मंजिला है जो मारू-गुर्जर वास्तु शैली का साक्ष्य है.यह करीब सात शताब्दी तक सरस्वती नदी के लापता होने के बाद गाद में दबी हुई थी. नन्हे गजराज को पकड़ने के लिए गन्ने का लालच दे रहा था युवक, वीडियो में देखें जब बच्चे को आया गुस्सा तो हुआ क्या
इसे भारतीय पुरातत्व विभाग ने फिर से खोजा और साफ-सफाई करवाई.उसके बाद यहां पर्यटकों का आना जाना शुरु हो गया.कहते हैं कि इस विश्वप्रसिद्ध सीढ़ीनुमा बावड़ी के नीचे एक छोटा सा गेट भी है, जिसके अंदर करीब 30



किलोमीटर लंबी सुरंग बनी हुई है.यह सुरंग पाटण के सिद्धपुर में जाकर खुलती है.ऐसा माना जाता है कि पहले इस खुफिया सुरंग का इस्तेमाल राजा और उसका परिवार युद्ध या फिर किसी कठिन परिस्थिति में करते थे. लेकिन अब ये सुरंग पत्थरों और कीचड़ों की वजह से बंद हो गई है.



# रहस्यमयी पेड़, छूते ही करता है इंसानों जैसी हरकत, गुदगुदी करने पर हंसता है

